www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 25 अप्रैल 2022, शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-13 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

अगर जीवन में सफलता प्राप्त करनी है तो मेहनत पर विश्वास करें किस्मत की आजमाईश तो जुए में होती है

आज बेबाक

महाराष्ट्र में महाअघाड़ी सरकार की ग्रह दशा शुरू से खराब चल रही है। वहां रोज एक नया बखेड़ा खड़ा होता रहा है। एक पंगा नहीं निपटता कि दूसरा पंगा पड़ जाता है। अब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के सुप्रीमो राज ठाकरे ने शिवसेना के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने भी शिवसेना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इन दिनों न तो दफ्तर जा रहे है और न ही जनता के बीच पहुंच रहे हैं। चलती का नाम गाड़ी की तरह महाराष्ट्र में चलती का नाम महाअघाड़ी सरकार हो गया है।

सूर्योदय

उदय : 5.38 प्रात:

अस्त : 6.27 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,942,253,264

भारत : 1,404,995,254

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 49,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 69,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.07 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	41.3	25.7
बिलासपुर	40.9	25.5
जगदलपुर	39.0	22.8
अंबिकापुर	39.2	22.4

आज का दिवस

अमृतसर की सन्धि 25 अप्रैल, 1809 ई. को रणजीत सिंह और ईस्ट इंडिया कम्पनी के बीच हुई। उस समय लॉर्ड मिण्टो प्रथम, भारत का गवर्नर-जनरल था। इस सन्धि के द्वारा सतलज पार की पंजाब की रियासतें अंग्रेज़ों के संरक्षण में आ गईं और सतलज के पश्चिम में पंजाब राज्य का शासक रणजीत सिंह को मान लिया गया। कश्मीर जो रणजीत सिंह के राज्य का हिस्सा था, उसे राजा दलीप सिंह से ले लिया गया और अंग्रेज़ों ने उसे गुलाब सिंह को दे दिया। इस समझौते ने एक पीढ़ी तक आंग्ल-सिक्ख संबंध को क़ायम रखा।

कोरोना के बढ़ते केस बढ़ा रहे चिंता!

पीएम मोदी मुख्यमंत्रियों के साथ करेंगे बैठक

नई दिल्ली (ए.)। देश में कोरोना के लगातार बढ़ते केस सरकार के लिए चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। राजधानी दिल्ली और महाराष्ट्र में कोरोना केसों में इजाफा हुआ है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में कोविड-19 की उभरती स्थिति पर बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 2,527 नए मामले सामने आए। जिसके बाद भारत में कोरोना महामारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,30,54,952 हो गई। जबकि, एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 15,079 हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, 33 और लोगों की मौत के साथ देश में महामारी से मरने वालों की संख्या 5,22,149 हो गई है।

दिल्ली में कोरोना के फिर नए केस 1000 पार

दिल्ली में लगातार दूसरे दिन कोरोना वायरस के एक हजार से अधिक नए मामले सामने आए हैं। शनिवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 1094 नए मामले सामने आए।

पीएम मोदी करेंगे बैठक

देश में बढ़ते कोरोना केसों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी बुधवार यानि 27 अप्रैल को देश के सभी मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में आज भी आए कोरोना के 2500 से अधिक नए मामले, एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़ कर हुई 15873

नई दिल्ली। देश में एक दिन में कोविड-19 के 2,593 नए मामले सामने आने से देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़ कर 4,30,57,545 पर पहुंच गयी, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 15,873 हो गयी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, कोविड के 44 और मरीजों की मौत हो जाने से कुल मृतक संख्या 5,22,193 पर पहुंच गयी। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है, जबकि संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटों में कोविड-19 के

उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 794 की वृद्धि दर्ज की गयी है। संक्रमण की दैनिक दर 0.59 प्रतिशत दर्ज की गयी और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.54 प्रतिशत दर्ज की गयी।

आंकड़ों के अनुसार, कोविड से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,25,19,479 हो गयी है, जबकि मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 187.67 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

राज्य में कोरोना टीकाकरण का आंकड़ा 4 करोड़ से पार

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना टीकाकरण का आंकड़ा चार करोड़ को पार कर गया है। कोविड-19 से बचाव के लिए प्रदेश भर में अब तक कुल चार करोड़ 20 हजार 099 टीके लगाए गए हैं। इनमें से दो करोड़ 17 लाख 26 हजार 571 टीके प्रथम डोज के रूप में, दो करोड़ 78 लाख 27 हजार 071 द्वितीय डोज के रूप में और चार लाख 66 हजार 457 टीके प्रिकॉशन डोज के तौर पर लगाए गए हैं।

प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक की 86 प्रतिशत आबादी को कोरोना से बचाव का दोनों टीका लगाया जा चुका है। वहीं 15 वर्ष से 18 वर्ष के 50 प्रतिशत किशोरों को इसका दोनों टीका लगाया जा चुका है। प्रदेश में 12 वर्ष से 14 वर्ष के 45 हजार 661 बच्चों को भी दोनों टीका लगाया जा चुका है। राज्य में 18 वर्ष से अधिक के एक करोड़ 69 लाख 65 हजार 270 नागरिकों और 15 वर्ष से 18 वर्ष के आठ लाख 16 हजार 140 किशोरों को कोरोना से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ओमिक्रॉन के खिलाफ नाकाफी है कोविशील्ड वैक्सीन!

नई दिल्ली। दुनियाभर में एक बार फिर कहर बरपा रहा ओमिक्रॉन नई चिंता बनकर उभरा है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या कोरोना के इस नए वैरिएंट के खिलाफ कोविशील्ड और कोवैक्सीन उतनी ही असरदार है, जितनी डेल्टा वैरिएंट के खिलाफ थी। नए अध्ययन से पता चलता है कि ओमिक्रॉन के खिलाफ कोविशील्ड की दोनों खुराक उतनी असरदार नहीं है। इससे पहले कोवैक्सीन को लेकर भी यही रिपोर्ट सामने आई थी।

कुल मिलाकर दोनों वैक्सीन की दोनों खुराक लेने के बाद भी ओमिक्रॉन और उसके सब वैरिएंट आपको बहुत बीमार कर सकते

आईसीएमआर ने भी माना

आईसीएमआर के एक वैज्ञानिक ने कहा है कि स्पाइक में सबसे अधिक उत्परिवर्तन के साथ ओमिक्रॉन ने वैक्सीन की दोनों खुराकों के बाद भी प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित किया है। डेल्टा वैरिएंट के मुकाबले ओमिक्रॉन का स्पाइक बेहद ताकतवर है। हालांकि, कोविशील्ड टीकाकरण ले चुके लोगों के अध्ययन से पता चलता है कि यह वायरस से लड़ने के लिए मजबूत एंटीबॉडी रखता है लेकिन फिर भी ओमिक्रॉन वैरिएंट के बाद इसका असर कम हुआ है।

लखीमपुर कांड के आरोपी आशीष मिश्रा का सरेंडर

■ **फिर से जाएंगे जेल**

लखीमपुर खीरी। पिछले साल अक्टूबर में हुई लखीमपुर हिंसा के मुख्य आरोपी केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे आशीष मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कोर्ट में सरेंडर कर दिया। 128 दिन तक जेल में रहने के बाद 15 फरवरी को आशीष मिश्रा को हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। तब से वह जेल से बाहर चल रहे थे। 18 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज करके उन्हें एक सप्ताह के अंदर सरेंडर होने का आदेश दिया था। रविवार की दोपहर भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में आशीष मिश्र ने मजिस्ट्रेट के सामने खुद को सरेंडर कर दिया।

128 दिनों के बाद जेल से बाहर आया था आशीष

लखीमपुर के तिकुनिया कांड के मुख्य आरोपी केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा का बेटा आशीष मिश्रा 15 फरवरी को जेल से बाहर आया था। हाईकोर्ट से जमानत के बाद जिला जज की अदालत से उसकी रिहाई का आदेश जेल पहुंचते ही आशीष को रिहा कर दिया गया था। आशीष 128 दिन बाद जेल से बाहर आया था। आशीष को मुख्य गेट की जगह पीछे के दरवाजे से बाहर निकाला गया था। जिला जज मुकेश मिश्रा ने दो जमानतदारों और उनके द्वारा जमानत में लगाई गई सम्पत्ति का सत्यापन कराने के लिये संबंधित थानाध्यक्ष और तहसीलदार को आदेश दिया था।

तीन महीने में देश को मिलेंगे 3 चीफ जस्टिस

नई दिल्ली (वार्ता)। यह पहला मौका होगा जब देश की सर्वोच्च अदालत तीन माह में तीन मुख्य न्यायाधीश देखेगी। मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की यह प्रक्रिया अगस्त से नवंबर तक चलेगी। इतना ही नहीं इस वर्ष सात माह में पांच न्यायाधीश भी सुप्रीम कोर्ट से रुखसत होंगे।

अगस्त, 2022 में मौजूदा मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एनवी रमना सेवानिवृत्त होंगे और उनकी जगह वरिष्ठतम न्यायाधीश जस्टिस उदय उमेश ललित लेंगे। उनका कार्यकाल दो से ढाई माह का होगा और 65 वर्ष की आयु के बाद वह रिटायर हो जाएंगे।

22 ट्रेनें एक माह के लिए बंद, सीएम ने जताई आपत्ति

■ **मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन ट्रेनों का परिचालन यथावत जारी रखने अपर मुख्य सचिव ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को लिखा पत्र**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रेलवे द्वारा छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 23 लोकल रेलों का परिचालन 24 अप्रैल 2022 से बंद करने के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव द्वारा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली लोकल रेलों का परिचालन यथावत् जारी रखने का आग्रह किया गया है।

ज्ञातव्य है कि प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर द्वारा 23 अप्रैल 2022 को जारी आदेश द्वारा छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कुल 23 एक्सप्रेस तथा लोकल ट्रेनों का परिचालन 24 अप्रैल 2022 से आगामी एक माह के

लिये बंद कर दिया गया है। यह सभी ट्रेन छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत रेल मार्गों से प्रतिदिन आना-जाना करती हैं। इन ट्रेनों के परिचालन बंद करने के पूर्व यात्रियों के लिए किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू ने इस संबंध में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र में लिखा है कि इसके पूर्व भी प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के 31 मार्च 2022 के आदेश द्वारा कुल 10 रेलों का परिचालन बंद कर दिया गया था। इन 10 रेलों में से 08 रेलें छत्तीसगढ़ राज्य के रेल मार्गों पर आवागमन करती थी। उपरोक्त रेलों का परिचालन यथावत रखने हेतु राज्य शासन द्वारा 5 अप्रैल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनाव से पहले गुजरात में कांग्रेस को झटका

300 नेताओं संग कैलाश गढ़वी 'आप' में शामिल

नई दिल्ली (ए.)। गुजरात मैं जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। गुजरात कांग्रेस के नेता कैलाश गढ़वी रविवार को यहां आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए और उन्होंने कहा कि वह राज्य में 'अहंकारी' भाजपा सरकार से लड़ना जारी रखेंगे।

कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता गढ़वी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के एक

दिन बाद कांग्रेस के करीब 300 पदाधिकारियों के साथ आप की सदस्यता ली। गढ़वी ने कहा कि गुजरात में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गुवाहाटी नगर निगम चुनाव में भाजपा का परचम, जीत लीं 60 में से 58 सीटें

पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली। असम गे गुवाहाटी नगर निगम चुनाव में भाजपा ने बड़ा बहुमत हासिल किया है। भाजपा और उसके सहयोगियों ने यहां 60 में से 58 वार्डो में कब्जा कर लिया। राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक मतगणना के दौरान कोई भी अप्रिय खबर नहीं आई। यहां इस बार ईवीएम से वोटिंग की गई थी। भाजपा को बड़ी जीत मिलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी और कहा कि विकास के अजेंडे पर निर्माण करने के लिए भाजपा को बड़ा जनादेश देने के लिए गुवाहाटी के लोगों को धन्यवाद। भाजपा के अलावा यहां एक सीट पर असम जातीय परिषद ने जीत दर्ज की। इस बार आम आदमी पार्टी भी चुनाव लड़ रही थी। आप ने पहली बार यहां खाता खोल लिया। उसे एक सीट हासिल हुई। सीएम हिमांता बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा और सहयोगियों को 58 सीटों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

दौरा... **कांकेर व बालोद जिले के दौरे पर रहे सीएम, करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात**

सीएम ने लखनपुरी में उप तहसील, कचांदुर में दिव्यांग स्कूल शुरू करने की घोषणा

कांकेर/बालोद। रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने एक दिवसीय कांकेर जिले के प्रवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 12 :30 बजे हेलीकॉप्टर से मिनी स्टेडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल चारामा में आयोजित राजीव मितान क्लब एवं महिला शक्ति सम्मेलन के कार्यक्रम में सम्मिलित पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्थानीय विधायक सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने उनका अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लखनपुरी को उप तहसील बनाने की घोषणा की। वहीं 183 करोड़ 06 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं

भूमिपूजन किया जायेगा। साथ ही इनमें 64 करोड़ 22 लाख के 35 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 118 करोड़ 84 लाख रूपये के 40 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री बघेल दोपहर 02.05 बजे गुण्डरदेही जिला बालोद के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कचांदुर में बंद पड़े दिव्यांग स्कूल पुन: होगा शुरू

विधायक कुंवर सिंह निषाद की मांग पर मुख्यमंत्री ने ब्लाक के ग्राम कचांदुर में पूर्व में संचालित दिव्यांगों के आवासीय स्कूल को फिर से शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग से इसका संचालन होगा। पहले जन सहयोग व सर्व शिक्षा अभियान से यह चल रहा था। पर फंड की कमी से सब ठप हो गया। पढ़ाई बीच में रुक गई। जिसे विधायक ने गंभीरता से लिया। अब वे इसे फिर से नियमित शुरू करवाना चाहते हैं। जिस पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की।

मितानिन चिल्लाने लगी- कका हमरो सुन ले

मंच पर जैसे ही सीएम का भाषण खत्म हुआ इधर भीड़ में सामने की ओर बैठी महिलाएं चिल्लाने लग गई। वे मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ी में संबोधित करते हुए कहने लगी कका हमरो तो सुन ले, कब से मांग करत हवन, आज तक पलट के नहीं देखे हो, महिलाएं दरअसल में मितानिन थी। जो अपनी मांगों को लेकर दूर से ही मुख्यमंत्री को चिल्ला रही थीं और हमारी भी सुनने को लेकर बातें कर रही थीं। महिलाओं की आवाज सुनकर एएसपी प्रज्ञा मेश्राम भी वहां पहुंची और उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने की ये घोषणाएं

सामाजिक भवन निर्माण के किए राशि की घोषणा की। विधायक की मांग पर कहा कचांदुर के दिव्यांग स्कूल को शुरू करेंगे, आदेश निकालेंगे। पैरी में केंद्रीय विद्यालय को लेकर भारत सरकार को चिट्ठी लिखेंगे। गुंडरदेही में एनसीईआरटी स्कूल है उसे भी आत्मानंद स्कूल बनाने की घोषणा की। इस दौरान बीरेश ठाकुर, चंद्र प्रभा सुधाकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष, सोना देवी देशलहरा, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

संपादकीय

महाराष्ट्र में सियासी घमासान

महाराष्ट्र में अजान और हनुमान चालिसा के विवाद को लेकर पैदा हुआ विवाद अब सियासी घमासान के रूप में तब्दील हो गया है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महाअघाड़ी सरकार के खिलाफ अभी तक भाजपा ने मोर्चा खोला हुआ था। अब महाराष्ट्र नव निर्माण सेना ने भी हल्ला बोल दिया है। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनित राणा और उनके विधायक पति रवि राणा ने भी शिवसेना के खिलाफ जंग का ऐलान कर के महाराष्ट्र की राजनीति में तुफान खड़ा कर दिया है। सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उनकी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए जब भाजपा सांसद किरट सोमनिया उनसे मिलने थाने गए थे तो इस दौरान उनके वाहन पर भी हमला हो गया। किरट सोमनिया ने आरोप लगाया है कि शिवसैनिकों ने उनके वाहन पर पत्थराव किया जिसकी वजह से वे घायल हो गए है। किरट सैम्या ने तो शिवसैनिकों पर यह भी आरोप लगाया है कि उन्होंने उनको जान से मारने की कोशिश की है। किरट सैम्यया की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामूली धाराओं के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस पर तिखि प्रतिक्रिया महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने महाराष्ट्र सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने प्रदर्शन भी किया इधर शिवसैनिकों ने गिरफ्तार हुए नवनीत राणा व रवि राणा के घर के सामने आतिश बाजी कर जश्न मनाया। शिवसेना के बड़बोले प्रवक्ता संजय राउत ने एक बार फिर इस मामले को लेकर विवादास्पद बयान दिया और निर्दलीय सांसद नवनीत राणा को धमकी दी है कि यदि किसी ने मातोश्री के तरफ देखने की जूरूरत की तो शिवसैनिक उसे 20 फीट जमीन के अंदर गाढ़ देगे। कुल मिलकार महाराष्ट्र में राजनीति घमासान थमने की जगह और तेज होता जा रहा है। इसके लिए शिवसेना भाजपा को जिम्मेदार ठहरा रही है और यह आरोप लगा रही है कि भाजपा महाराष्ट्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ कर वहां राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहती है। जबकि की अभी तक अजान और हनुमान चालिसा के विवाद में भाजपा की कोई प्रत्यक्ष भागीदारी नजर नहीं आई है। इस विवाद को पहले महाराष्ट्र नव निर्माण सेना ने खड़ा किया और बाद में निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने इसे आगे बढ़ाया है। इसके बावजूद शिवेसना भाजपा पर आरोप लगा रही है। दरअसल राज ठाकरे ने जब अजान के खिलाफ हनुमान चालिसा का पाठ करने का आह्वान किया तो शिवसेना को खतरे की घंटी सुनाई दी। उसे अपने हाथों से हिन्दुत्व का एजेंडा फिसलते नजर आया। यही वजह है कि शिवसेना ने अब भाजपा के सिर पर ठिकरा फोडऩा शुरू कर दिया है। महाअघाड़ी गठबंधन में भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमों शरद पवार जिस तरह पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर आए है उसे देखते हुए महाअघाड़ी सरकार पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के विधायक भी असंतुष्ट नजर आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में महाराष्ट्र की महाअघाड़ी सरकार की हालत उस कागज की नांव की तरह हो गई है जिसका दूर तक और देर तक चल पाना मुश्किल होता है।

डॉ. श्रीनाथ सहाय

अजान और हनुमान चालीसा एक पाठ किये जाने को लेकर चल रहे लाउडस्पीकर विवाद पर बाबरी मस्जिद के मुद्दई इकबाल अंसारी का अयोध्या से बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हम हैं मुसलमान लेकिन हिंदुओं के सभी देवी देवता का सम्मान करते हैं। लेकिन आज तक अजान और हनुमान चालीसा को लेकर कोई विवाद नही रहा लेकिन कुछ लोग राजनीति कर लोगो को उलझा रहे हैं। भले ही राज्य सरकारों ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों के तहत दिशा-निर्देश जारी कर दिये हैं, लेकिन अभी भी यह बड़ा सवाल है कि इन निर्देशों पर अमल कैसे होगा। धार्मिक समागमों और ऐसे ही दूसरे आयोजनों में अत्यधिक तेज ध्वनि से बज रहे डीजे पर कौन रोक लगाएगा? क्या स्थानीय पुलिस प्रभावी तरीके से ऐसा कर सकेगी? फिलहाल तो यह देखना है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के लिए छेड़ी गई इस मुहिम का सद्भावपूर्ण समाधान कब और कैसे होगा और क्या राजनीतिक दल ध्वनि प्रदूषण को प्राथमिकता देने की बजाए अजान बनाम हनुमान चालीसा के नाम पर अपनी अपनी राजनीतिक रोटियां सेकते रहेंगे। ये मुद्दा बेहद संवेदनशील है। इसलिये इस मुद्दे के उचित समाधान के लिये सभी पक्षों को खुले मन से बैठकर बातचीत करनी चाहिए।

लाउडस्पीकर विवाद में राजनीति बंद हो

आजकल देश में लाउडस्पीकर की आवाज को लेकर बहस छिड़ी हुई है। वैसे तो धार्मिक स्थलों व धार्मिक आयोजनों में लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल किया जाता है। कई बार देखा गया है कि लाउडस्पीकर की आवाज बहुत अधिक होती है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने भी लाउडस्पीकर की आवाज को सीमित रखने के लिए कहा है। लेकिन फिर भी लोग इन हिदायतों का पालन नहीं करते। सभी लोग एक-दूसरे के ऊपर दोष लगा रहे हैं। इस मामले में जमकर राजनीति भी हो रही है। जबकि निर्धारित मानकों से ज्यादा आवाज ध्वनि प्रदूषण की बड़ी वजह है। ये एक सामाजिक समस्या भी है। इस विवाद की शुरुआत महाराष्ट्र से हुई। महाराष्ट्र से शुरु हुआ ये लाउडस्पीकर विवाद दरअसल पूरे देश में फैल चुका है, बीते दिनों कर्नाटक की बेंगलुरु पुलिस ने मस्जिदों, मंदिरों, चर्चों, पबों, बारों समेत 300 से ज्यादा स्थलों के लिए नोटिस जारी किए। इनमें 59 पब, बार और रेस्तरां को, 12 उद्योगों को, 83 मंदिरों को, 22 चर्चों को और 125 मस्जिदों को दिए गए हैं। बेंगलुरु पुलिस के मुताबिक जिन्हें नोटिस दिया गया है, उनसे यह भी कहा गया है कि लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल ध्वनि के निर्धारित स्तर के भीतर ही करें। वहीं बिहार से मंत्री जनक राम ने भी मस्जिदों पर लगने वाले लाउडस्पीकर पर बैन की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के त्योहारों पर डीजे पर रोक लगती है, उसी तरह मस्जिदों के लाउडस्पीकर पर भी रोक लगे। देखा जाए तो ऐसा पहली बार नहीं हो रहा, जब लाउडस्पीकर से अजान के विरोध में यूं आवाजें उठाई जा रही हो, इसको लेकर पहले भी कई बार विवाद खड़ा हो चुका है।

पहले भी देश में ये मुद्दा कई बार सुर्खियों में छाया और इसको लेकर काफी हंगामा भी मचा है। साल 2017 में मशहूर सिंगर सोनू निगम ने लाउडस्पीकर का विरोध करते हुए एक ट्वीट किया था कि मस्जिदों में सुबह सुबह लाउडस्पीकर से होने वाली अजान से नींद खराब हो जाती है। साल 2021... इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर संगीता श्रीवास्तव ने शिकायत की थी कि सुबह सुबह लाउडस्पीकर से बजने वाली अजान के चलते उनकी नींद खराब होती है। नवंबर 2021... साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि अजान की वजह से साधु-संतों को ब्रह्म मुहूर्त में पूजा-आरती करने में समस्या होती है। उनके इस बयान के बाद ये मामला एक बार फिर से सुर्खियां में छाया था। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने धमकी दी कि मस्जिदों में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल बंद हो, नहीं तो मस्जिदों के बाहर तेज आवाज में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। बात यहीं तक नहीं रुकी, अब राज ठाकरे ने धमकी दे दी है कि अगर 3 मई तक सभी मस्जिदों से लाउडस्पीकर नहीं हटाए गए तो उनके कार्यकर्ता मस्जिदों के बाहर लाउडस्पीकर से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इसी बीच केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

इस विवाद में महाराष्ट्र से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा की भी एंट्री हो चुकी है। राणा ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के घर मातोश्री के बाहर अपने पति रवि राणा जो निर्दलीय विधायक हैं, के साथ हनुमान चालीसा का पाठ करने का एलान किया है। कांग्रेस नेता और अक्सर विवादों में रहने वाले मौलाना तौकीर रजा ने एक बार फिर लाउड स्पीकर और अजान विवाद पर विवादित बयान दिया है। लेकिन सवाल ये है कि क्या मंदिर या मस्जिद में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा सकता है? इस पर कानून क्या कहता है? लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की मनाही नहीं है, लेकिन इसके इस्तेमाल को लेकर कुछ शर्तें भी हैं.? लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर संविधान में नॉयज पॉल्यूशन (रेगुलेशन एंड कंट्रोल) रूल्स, 2000 में प्रावधान है। लाउडस्पीकर या कोई भी यंत्र का अगर सार्वजनिक स्थान पर इस्तेमाल किया जा रहा है, तो उसके लिए पहले प्रशासन से लिखित में अनुमति लेनी जरूरी है। रात के 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर या कोई भी यंत्र बजाने पर रोक है। हालांकि, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल, कम्युनिटी और बैंक्वेट हॉल जैसे बंद स्थानों पर इसे बजा सकते हैं।

राज्य सरकार चाहे तो कुछ मौकों पर रियायतें दे सकती है। राज्य सरकार किसी संगठन या धार्मिक कार्यक्रम के लिए लाउडस्पीकर या दूसरे यंत्रों को बजाने की अनुमति रात 10 बजे से बढ़ाकर 12 बजे तक दे सकती है. हालांकि, एक साल में सिर्फ 15 दिन ही ऐसी अनुमति दी जा सकती है। इसके अलावा नियम में कई अन्य प्रावधान हैं। इन नियमों का उल्लंघन करने पर कैद और जुर्माने दोनों सजा का प्रावधान है. इसके लिए एन्वार्यमेंट (प्रोटेक्शन) एक्ट, 1986 में प्रावधान है. इसके तहत इन नियमों का उल्लंघन करने पर 5 साल कैद और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है।

जमीनी स्तर पर देखा जाए तो इस नियम को धड़ल्ले से दुरुपयोग होता है और अक्सर ही तमाम तरह के आयोजनों मे ध्वनि नियंत्रण की निर्धारित सीमा से कहीं तेज कान फोड़ू गानों के लिए लाउडस्पीकर, उच्च कोटि के संगीत उपकरण और हाईफाई एंपलीफायर का इस्तेमाल हो रहा है। धार्मिक मामलों में तो मारपीट तक की स्थिति पैदा हो जाती है। धार्मिक स्थलों में तेज आवाज में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल का विरोध होने पर अदालतों में तर्क दिये गए हैं कि इससे उनके मौलिक अधिकारों का हनन होता है लेकिन न्यायालय ने इनकी इस दलील को ठुकरा दिया। यही नहीं, पूर्व कानून मंत्री सलमान खुर्शीद सरीखे जैसे नेताओं ने तो अजान के लिए मस्जिदों में लाउडस्पीकर की अनुमति को संविधान के अनुच्छेद 25 में प्रदत्त धार्मिक आजादी से भी जोड़ने का असफल प्रयास किया था। लेकिन, इलाहाबाद उच्च न्यायालय उनके इस तर्क से भी सहमत नहीं था। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के मुताबिक लाउडस्पीकर्स का इस्तेमाल इस्लाम के लिए आवश्यक नहीं है। अदालत ने 2020 में अपने फैसले में कहा था, 'इस्लाम में अजान एक धार्मिक अभ्यास है. लेकिन लाउडस्पीकर्स पर अजान देना आवश्यक नहीं है इसलिए मुस्लिम धर्मगुरु मस्जिद से बिना लाउडस्पीकर्स के अजान दे सकते हैं।' इससे पहले, चर्च ऑफ गॉड के मामले में 2000 में उच्चतम न्यायालय ने ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के संदर्भ में कहा था कि निःसंदेह, कोई भी धर्म दूसरों की शांति भंग करके प्रार्थना करने या ध्वनि विस्तारक उपकरणों अथवा ढोल नगाड़े बजाकर प्रार्थना करने का उपदेश नहीं देता है।

कविता

कोई अर्थ नहीं

वीरेन्द्र बहादुर सिंह

चाहने का कोई हक नहीं
दूर से तुम्हें देखा करता हूं,
नजदीक आने का कोई मतलब नहीं
याद में तुम्हें पाया करता हूं,
हकीकत में पाने का कोई अर्थ नहीं
तुम चली गई मुझे छोड़ कर
विरह में रोने का कोई अर्थ नहीं
प्रेमसंबंध थे बहुत मजे के
अब आंसू बहाने का कोई अर्थ नहीं नसीब का अच्छा था
जिसे तुम मिली,
हाथ की रेखाओं को कोसने का कोई मतलब नहीं
मैं राह देखूंगा तुम्हारा अंतिम सफर तक
तुम आगे बढ़ गई हो जिंदगी में
संयोगों को दोष देकर दुखी होने का कोई अर्थ नहीं
दिल की चाहत छलकती है दरिया की तरह
शायद तुम नहीं समझ सकोगे उसे कलम को व्यर्थ में
घिसने का कोई अर्थ नहीं
तुम भले जीत गई इस लड़ाई में,
मेरी हार के आगे तुम्हारी जीत में कोई दम नहीं
इस एकतरफा युद्ध का कोई अर्थ नहीं।

डॉ. नीलम महेंद्र

क्या स्थानीय स्तर पर होने वाली इस प्रकार की घटनाएं देश भर में सामाजिक समरसता को चुनौती नहीं दे रही? क्या हमारे राजनैतिक दल और सरकारें इन सवालों के ईमानदार जवाब दे पाएंगी? वर्तमान परिस्थितियों को अगर सुधारना है तो इनके जवाब तो देश के सामने रखने ही होंगें। क्योंकि जिस प्रकार के खुलासे इन घटनाओं की जांचों में हो रहे हैं वो स्थिति की गंभीरता की ओर इशारा कर रहे हैं। जहाँगीरपूरी की हिंसा की जांच में यह बात सामने आ रही है कि जिस जगह से शोभायात्रा पर पथराव के बाद हिंसा हुई थी वहीं से करीब सात बसों में भरकर बांग्लादेशी महिलाएं बच्चों व पुरुषों को शाहीनबाग प्रदर्शन में शामिल होने के लिए ले जाया गया था। अगर शाहीनबाग और शोभायात्रा पर हमलों के तार जांच में जुड़ रहे हैं तो क्या समझ जाए? यही कि इस प्रकार की हिंसक घटनाएं संयोग नहीं प्रयोग हैं?

त्यौहारों पर हिंसा का साया

इस समय देश बड़ी विकट स्थिति से गुजर रहा है। एक आम आदमी जो कि इस देश की नींव है उस के लिए जीवन के संघर्ष ही इतने होते हैं कि वो अपनी नौकरी, अपना व्यापार, अपना परिवार, अपने और अपने बच्चों के भविष्य के सपनों से आगे कुछ सोच ही नहीं पाता। वो रोज सुबह उम्मीदों की नाव पर सवार अपने काम पर जाता है और शाम को इस दौड़ती भागती जिंदगी में थोड़े सुकून की तलाश में घर वापस आता है।

तीज त्यौहार उसके इस नीरस जीवन में कुछ रंग भर देते हैं। एक आम आदमी का परिवार साल भर इन तीज त्योहारों का इंतजार करता हैं। घर के बड़े बुजुर्गों की अपनी पीढ़ियों पुरानी परंपराओं के प्रति आस्था तो बच्चों के मन की उमंग इन त्योहारों के जरिये उसके जीवन में कुछ रस और रंग भर देते हैं। लेकिन जब यही त्योहार जिंदगी को मौत में बदलने का कारण बन जाएं? जब इन त्यौहारों पर जीवन रंगहीन हो जाए? उनका घर उनका उनकी दुकानें उनका कारोबार उनकी जीवन भर की कमाई हिंसा की भेंट चढ़ जाए? पहले करौली में नवसंवत्सर के जुलूस पर हमला फिर रामनवमी पर मप्र बंगाल गुजरात झारखंड जेएनयू और उसके बाद हनुमान प्रकटोत्सव पर दिल्ली कर्नाटक आंध्रप्रदेश उत्तराखंड और महाराष्ट्र के कुछ स्थानों पर शोभायात्रा निकालने के दौरान जो हिंसा भड़की वो अनेक और अनेकों पर सवाल खड़े करती है। वैसे तो हिंसक घटनाएं इस देश के लिए नई नहीं हैं। कुछ समय पहले तक अतंकवादी घटनाएं जैसे सार्वजनिक स्थानों पर बम धमाकों से लेकर आत्मघाती हमले अक्सर होते थे। इस देश में आतंकवाद की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हमने अपने दो प्रधानमंत्री (एक कार्यरत तो एक भूतपूर्व) आतंकवाद के कारण खो दिए। आज उस प्रकार की आतंकवादी घटनाओं पर तो विराम लग गया है। लेकिन आज जिस प्रकार की हिंसक घटनाएं देश के विभिन्न जगहों पर हो रही हैं वो बेहद चिंताजनक हैं क्योंकि ये घटनाएं उन आतंकवादी घटनाओं से अलग हैं।

उन घटनाओं में आतंवादी संगठनों का या अलगाववादी नेताओं का हाथ होता था जिन्हें बकायदा प्रशिक्षण प्राप्त आतंकवादी अंजाम देते थे। लेकिन आज इन शोभायात्राओं में होने वाले उपद्रव स्थानीय हिंसा है। जिस प्रकार के खुलासे हो रहे हैं उनके अनुसार इन सभी जगह हिंसा की शुरुआत एक ही तरीके से हुई। क्षेत्र के आदतन अपराधी इन जोलूसों के निकलने के दौरान जुलूस में शामिल लोगों से रास्ता बदलने के लिए या फिर भजनों और नारों को बंद करने को लेकर वाद विवाद करते हैं जो हिंसा में तब्दील हो जाता है।

मस्जिदों और आसपास के घरों की छतों से पथराव शुरू हो जाता है। देखते ही देखते दुकानों और गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया जाता है। दंगाइयों के बुलन्द हौसलों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे पुलिसकर्मियों पर भी हमला करने में नहीं हिचकते। इससे पहले किसान आंदोलन के दौरान 26 जनवरी के दंगों में भी देश ने उपद्रवियों द्वारा पुलिस प्रशासन पर हमला किए जाने की तस्वीरें देखी थीं। आप इसे क्या कहेंगे कि दिल्ली दंगो के मुख्य आरोपी अंसार को जब पुलिस कोर्ट में पेशी के लिए ले जा रही थी तो वो पुष्पा फिल्म का एक्शन झुकेगा नहीं कर रहा था। जिस पुलिस के सामने एक आम आदमी के पसीने छूट जाते हैं उसी पुलिस को इन अपराधियों को कोर्ट से सजा दिलवाना तो दूर की बात है उनकी बेल रुकवाने में पसीने छूट जाते हैं! स्थिति का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली दंगों के आरोपियों को चिन्हित करने के बाद उनके अवैध कब्जों को गिराने के लिए जब सरकार की ओर से कार्यवाही की गई तो कुछ घण्टों में ही सरकार की इस कार्यवाही के खिलाफ कोर्ट से स्टे आर्डर आ जाता है। विडम्बना की पराकाष्ठा देखिए कि संविधान की दुहाई देने वाले संविधानिक को ताक पर रखकर किए गए अतिक्रमण को बचाने के लिए संविधान का सहारा लेकर कर कोर्ट जाते हैं और कोर्ट असंवैधानिक तरीके से किए गए निर्माण को गिराने से रोकने के लिए स्टे आर्डर दे भी देता है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पैरोकार ये लोग उन लोगों को बचाने के लिए आगे आए हैं जिन्हें रामनवमी और हनुमान प्रकटोत्सव के जुलूसों में लोगों द्वारा अपनी आस्था की अभिव्यक्ति रास नहीं आई। इन परिस्थितियों में ये सवाल तो बहुत गौण हो जाते हैं कि कश्मीर के पत्थर देश की राजधानी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में कैसे आए? देश के विभिन्न स्थानों पर निकलने वाली शोभायात्राओं पर एक साथ हमले क्या संयोग हैं? हमलावरों की इतनी भीड़ क्या अचानक इकट्ठा हो गई? इन हमलों के बाद जिन अवैध कब्जों को तोड़ने प्रशासन पहुंचा था ये अतिक्रमण प्रशासन के नाक के नीचे कैसे खड़े हुए? क्या ये रातों रात खड़े हुए?

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो लोग चिल्ला रहें है... कि हमारे

जो लोग चिल्ला रहें है... कि हमारे बच्चे अपने ही पुश्तैनी कार्यों को छोड़... दूसरे कार्यों में लग गए है... उसका मूल कारण क्या है... किसी ने सोचा है...? बाल मजदूरी नामक वो वामी प्रोपोगेंडा.... जिसने सब कुछ छीन लिया है हिंदुओं से..! **कुमार संतोष**

फेसबुक की जानी-मानी हस्तियां

फेसबुक की जानी-मानी हस्तियां कभी-कभी दूसरों की नादानी को बेवकूफी का नाम देकर अनफ्रेंड कर जाती हैं नादान लोगों को पता ही नहीं चलता। किसी की पोस्ट पर देख कर नादान लोग सोचते हैं अच्छा इ तो हमारे लिस्ट में नहीं फिर सोचते हैं कि पुछें ऐ तुममें कउन से सुरखाब के पर लगे हैं फिर कहते हैं कि जाने दो हमे क्या ? **सुनिता पुष्पराज पांडेय**

ख़ास पाती | तुम्हारी आँखों की चीखें सुनते

तुम्हारी आँखों की चीखें सुनते एक रात गुजर जाती है एक ख्वाब बसा था कह कर रिसती ही जाती है टूटा था शायद वो जिसको संजोया तुमने था बरसों दर्द भरा था, ख्वाब जुड़े थे सांस बंधी थी शायद असहज अपलक देखते तुम्हे कुछ कहूँ भी तो क्या मगर बह जाने दो दर्द जरा बस यही सुकूँ और यही दवा इतना यकीन रखना खुद पर इस बहते सैलाब के बाद तुम निखरोगे अबके जो कोई रोक सकेगा न तूफां। **प्रिया मिश्र वेंणी**

भावों का उद्गम यह अन्तस

भावों का उद्गम यह अन्तस, हर मानव के पास। बना अकिंचन माँग रहा क्यों, 'अधर' प्रेम-विश्वास।। अरे, लुटा दो मधु की गागर, बरसा दो बस प्यार। ऋणी रहेगा रोम-रोम तब, तृप्त अखिल संसार।। शशि-रवि बनकर रहें जगत में,आगत, आज-अतीत। जग में नवजीवन भर दें हम,आओ मेरे मीत।। रचकर जाएँ ऐसी गाथा, हो सुख सदा प्रतीत।। **शुभा शुक्ला मिश्रा**

कुदरत गाती है, मोहब्बत

कुदरत गाती है, मोहब्बत के नगमे। नदियाँ खिलखिलाती हुई, अनन्त की और। आसमान पर रची, दिलकश पेंटिग। संग संग फूलो ने बाढ़ दी, हवा के आँचल में खुशबु के रुमाल की गाँठ। खेलते है मौसम हर बरस, पकड़म पकड़ाई। दस्खत कर देते है बदलाव। चुपके से आता है एक मौसम, राजा ऋतुओ का। गुनगुनाते है हम, तब लताये शर्माती है। झूमते है दरख्त, मुस्कराती है बहारे। जिंदगी इस मौसम की तरह, खुशगवार रहे हरदम। दोहराने होंगे, सकारात्मकता के मन्त्र। यदि हो पाया ऐसा, फर्राटे भरेगी सासो की रेलगादी. पहुचेगी चाँद के खूबसूरत गॉव तलक। **हेमा पाण्डेय**

इक हादसे का सच छुपाने के लिए

इक हादसे का सच छुपाने के लिए नित नए हादसे यहां किए जा रहे है! इंसां को इंसां होने से बचाने के लिए क्या क्या जतन यहां वहां किए जा रहे है! खुशरंग आसमां को लहू रंग कर के फिर कुछ नए फसाने बयां किए जा रहे है! पर्दा दर पर्दा ये खेल इतना भी नहीं अच्छा निहां है कुछ और कुछ अयां किए जा रहे है! **जावेद उस्मानी**

जिंदगी हो या खेल अगर आप

जिंदगी हो या खेल अगर आप अपनी पारी इज्ज़त और सुख से खेल लिए हो नाम/दाम मिल गया हो इससे पहले वक्त आपको बेइज्जत कर निकाले उससे पहले आप त्यागपत्र दे सन्यास ले लें यही सुखी जीवन और आनंदित जीवन का राज है अंत भला तो सब भला। **तनु युग भारद्वाज**

कहानी कभी जो पुरानी लिखी

कहानी कभी जो पुरानी लिखी है सुहानी मगर ज़िन्दगानी लिखी है नहीं भूले अब तक वो रंगीन शामें हरिक शेर में वो जवानी लिखी है कई दर्द अपनों से पाएं हैं फिर भी ज़बां पे कहाँ बदज़बानी लिखी है सदाक़त बसी है हमारे लहू में हरिक दौर में हक़ बयानी लिखी है खबर है मुझे लौट जाना है इक दिन मियाँ जिन्दगी आनी-जानी लिखी है कहीं जिक्र तेरा अगर आ गया तो छुपाकर तेरी हर निशानी लिखी है मिले जख्म हमको तो शामों सहर ही ग़ज़लतो मगर शादमानी लिखी है। **सुरेश पसारी**

सुन लो बात लगाकर कान

सुन लो बात लगाकर कान। बहुत बुरा होता अभिमान। महिला बूढ़े और अपंग, करो नहीं इनका अपमान। आस पास को रखना स्वच्छ, यह निरोग का मंत्र महान। झेल रहा मौसम की मार, मुश्किल में प्रत्येक किसान। जो करता पावन सत्संग, उसका होता है कल्याण। हर संकट हो जाता दूर, रखना मुख पर मृदु मुस्कान। हँस कर जीवन करो व्यतीत, यह प्रभु का अनुपम वरदान। **डॉ बिपिन पाण्डेय**

QUIZ TIME

1) इसरो का 'वर्कहॉर्स' के नाम से किसे जाना जाता है?

2) कौन-कौन से देश के सीमाएँ 14 देशों को स्पर्श करती है?

3) कूनो वन्यजीव अभयारण्य को राष्ट्रीय उद्यान कब घोषित किया गया?

4) किस देश का पुराना नाम बेचुवानालैंड था?

5) अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन भारत में कहाँ स्थित है?

Ramaquiz

RDSO
Research Design & Standards Organisation

उत्तरमाला-(1) ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (2) चीन और रूस (3) 2018 (4) बोत्सवाना (5) लखनऊ

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 25 अप्रैल की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1678- फ्रांसीसी सेना ने वाइप्रेस शहर पर कब्जा किया। 1809- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पंजाब के सिख शासक रणजीत सिंह के बीच अमृतसर संधि पर हस्ताक्षर किए गए। 1867- जापान की राजधानी टोक्यो में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई। 1954- बेल लैब्स ने न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की। 1957- सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया। 1960- अफगानिस्तान के नरेश अमानुल्लाह खान का निधन। 1968- 20वीं सदी के महान शास्त्रीय गायक और 'तानसेन' के नाम से मशहूर बड़े गुलाम अली का निधन। 1975- सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1981- जापान के सुरूगा में परमाणु संयंत्र में मरम्मत कार्य के दौरान 100 से अधिक मजदूर परमाणु विकिरण का शिकार हुए। 1982- दिल्ली में टेलिविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की शुरु हुआ। 1983- जर्मनी की पत्रिका 'स्टर्न' ने हिटलर की उस विवादास्पद डायरी को छापना शुरू किया। 1989- इथियोपिया में दिमागी बुखार से 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत। यह बीमारी सूडान तक फैली और वहां भी कम से कम 400 लोगों की मौत। 1969- भारत के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी आई. एम. विजयन का जन्म। 1999- वेस्टइंडीज के आल राउंडर खिलाड़ी कार्ल हूपर ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। 2010- भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकॉप्टरों की जगह लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की।

जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक सम्पन्न

- मुंगेली जिले में 56 प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, 16 उप स्वास्थ्य केंद्र तथा 02 पशु चिकित्सालय के लिए नये भवन बनाने का निर्णय कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों को पाठ्य पुस्तक के साथ-साथ जूता देने का निर्णय
- 30 करोड़ 43 लाख रूपये की उच्च प्राथमिकता और अन्य प्राथमिकता के विभिन्न प्रस्तावित कार्यो का अनुमोदन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में आज जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-2023 हेतु 30 करोड़ 43 लाख रूपये की उच्च प्राथमिकता और अन्य प्राथमिकता के विभिन्न प्रस्तावित कार्यो का अनुमोदन किया गया। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद अरूण साव, मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के विधायक पुन्नू लाल मोहले, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल के सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य अम्बालिका साहू, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वरी वर्मा, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं बिल्हा विधान सभा क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक एवं लोरमी विधान सभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह के प्रतिनिधि, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल,

जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी डी.एस राजपूत और जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद के सदस्य सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद अरूण साव ने शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के महत्वपूर्ण कार्य सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्वीकृत किये गये है। इन कार्यो से जिले के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जिससे मुंगेली जिला विकास की ओर तीव्र गति से अग्रसर होगा। इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं हेतु नवीन भवनों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में उन्होने कहा कि रोजगार के अवसरों से लेकर अच्छे नागरिकों के निर्माण में स्कूल भवनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसे देखते हुए 09 करोड़ रूपये की 56 प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के लिए नवीन भवन बनाने का निर्णय लिया गया। इसी तरह स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गई और आम लोगों को सस्ता एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 03 करोड़ रूपये की लागत से 16 उप स्वास्थ्य केंद्र तथा पशुधन के उपचार हेतु विकास खण्ड लोरमी के ग्राम डिंडौरी एवं नगर पंचायत पथरिया में 35 लाख रूपये की राशि से पशु चिकित्सालय के नवीन भवन बनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों को दी जाने वाली सुविधा के बारे में चर्चा की गई और उन्हे राज्य शासन द्वारा दी जा रही पाठ्य पुस्तक, गणवेश के अलावा जिला खनिज संस्थान न्यास की मद से बच्चों को जूता देने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 27 लाख रूपये की राशि का अनुमोदन किया गया। इसी तरह नगर पंचायत सरगांव में अग्नि सुरक्षा के लिए फायरब्रिगेड मशीन हेतु 30 लाख, विकास खण्ड लोरमी एवं पथरिया में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिए 02 लाख, जिला मुख्यालय मुंगेली में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय के लिए 50 लाख, जिला मुंगेली में बैंकिंग एसएससी, रेल्वे, सीजीपीएससी जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग के लिए 15 लाख 35 हजार, ग्राम सम्बलपुर में बगीचा विकास कार्यक्रम के अंर्तगत रेशम की खेती (ककून उत्पादन) के लिए 17 लाख 45 हजार, बटेर पालन प्रजनन इकाई के लिए 28 लाख, पर्यटन सुविधा के विस्तार के लिए 25 लाख, कौशल विकास विस्तार कार्य के लिए 40 लाख, सेना भर्ती प्रशिक्षण कार्य के लिए 5 लाख, जे ई ई प्री. एवं मेन्स परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग कार्य के लिए 60 लाख, 486 आंगनबाड़ी केंद्रों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए 19 लाख 20 हजार, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के लिए 47 लाख, राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरुवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के तहत कृषि एवं अन्य सम्बद्ध गतिविधियों के लिए 2 करोड़ 50 लाख, शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर कला में मॉडल शौचालय निर्माण के लिए 05 लाख रुपये की कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। शासी परिषद की बैठक 30 सितम्बर 2021 के बाद 89 लाख 50 हजार रूपये की राशि से स्वीकृत विभिन्न कार्यो का कार्योत्तर अनुमोदन किया गया।

सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम में श्वेता के सपनों को लगे पंख

शिविर स्थल में ही बन गया लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस

- शिविर के माध्यम से लाइसेंस बनवाने महिलाएं हो रही जागरूक, अभी तक हुए चारों शिविर में 26 महिलाएं बनवा चुकी लर्निंग लाइसेंस

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर रानू साहू की पहल पर आयोजित किये जा रहे सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम नागरिकों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रहे है। क्लस्टर वार आयोजित किए जा रहे शिविर में लोगों को राशन, पेंशन, फौती नामांतरण, किसान किताब, किसान क्रेडिट कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, कृषि उपकरण आदि का लाभ मिल रहा है। शिविर स्थल में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का भी काम किया जाता है। 22 अप्रैल को विकासखंड कटघोरा के भिलाई बाजार में आयोजित सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम में भिलाई बाजार की रहने वाली स्नातक द्वितीय

वर्ष की छात्रा सुश्री श्वेता पांडे के सपनों को पंख लग गए। श्वेता का लर्निंग लाइसेंस शिविर स्थल में ही बन गया। उन्हें शिविर स्थल में ही परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बना कर दे दिया गया। लर्निंग लाइसेंस बनने के पश्चात अब श्वेता को दो पहिया वाहन चलाने की आजादी मिल गई है। श्वेता को आने-जाने के लिए दो पहिया वाहन चलाने का अधिकार मिल गया है। शिविर स्थल में ही लर्निंग लाइसेंस बन जाने से श्वेता काफी खुश हुई और प्रशासन द्वारा गांव में ही लाइसेंस बना कर देने की सुविधा प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन का आभार भी जताया। ड्रायविंग लाइसेंस की जरूरत न केवल वाहन चलाने के लिए जरूरी है बल्कि विभिन्न अवसरों व स्थानों पर यह एक वैध पहचान पत्र के रूप में पूरे देश में मान्य हैं।

जिला परिवहन अधिकारी शशिकांत कुर्रे ने बताया कि सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों में विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनाने की सुविधा दी जा रही है। शिविर के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए अब जिले की महिलाएं भी जागरूक हो रही है। शिविर के माध्यम से गांव में ही लर्निंग लाइसेंस बनने की सुविधा मिलने से महिलाएं स्वयं जागरूक होकर शिविर स्थल में आकर लाइसेंस बनवा रही हैं। उन्होंने बताया कि भिलाई बाजार में आयोजित किए गए शिविर में कुल 55 लोगों के लर्निंग लाइसेंस बनाये गए, जिसमें से छह महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस शामिल हैं। इसी प्रकार जिले में अभी तक सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित किए गए चार शिविरों में अब तक कुल 26 महिलाओं ने लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर लिए हैं। प्रशासन द्वारा गांव - तक पहुंच कर लोगों की समस्याओं को सुलझाने की पहल से नागरिक गण प्रोत्साहित होकर शिविर स्थल में आ रहे हैं। बिना आरटीओ दफ्तर जाये लर्निंग लाइसेंस गांव में ही शिविर स्थल में मिल जाने से नागरिकों को बड़ी राहत मिल रही है।

एटीआर के जंगल में सिर्फ 20 दिन का पानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भीषण गर्मी पड़ने के साथ ही बिलासपुर वनवृत्त के जंगलों में पानी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। अचानकमार टाइगर रिजर्व की ही बात करें तो वहां पर लगभग 20 दिन का पानी बचा है। प्राकृतिक स्त्रोत गर्मी की वजह से सूखने लगे हैं। पानी के लिए बनाए गए सॉसर ही वन्यप्राणियों के लिए पानी का सहारा रह जाएंगे। अभी तो पूरा मई बाकी है। अचानकमार टाइगर रिजर्व के वन्यप्राणियों के पीने का पानी बचाना इस बार अफसरों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है क्योंकि इस बार एटीआर के जंगल में 18 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। ये पानी के करीब ही ज्यादा होते हैं ऐसे में प्राकृतिक जल स्त्रोत के साथ-साथ तैयार किए गए पानी के सॉसर ही काम आते हैं। जिस तरह से गर्मी पड़ रही है उससे जंगल के पानी के प्राकृतिक स्त्रोत भी सूखते जा रहे हैं।

पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय लोरमी में विश्व पृथ्वी दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण व पौधों के पेड़ बनने तक सुरक्षा का संकल्प लिया। प्रो नरेंद्र सलूजा ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस पर रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डा एनके ध्रुवे ने कहा कि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत एक पेड़, एक जानवर या फिर एक इंसान को होती है, पृथ्वी वह सब हमें प्रदान करती है। हालांकि वक्त के साथ सभी जरूरी प्राकृतिक संसाधनों का दोहन इस कदर हो रहा है कि समय से पहले की सभी संसाधन खत्म हो सकते हैं। ऐसे में मनुष्य के लिए पृथ्वी पर जीवित रहना मुश्किल हो जाएगा। इसी मुश्किल को हल करने के लिए प्रकृति प्रदत्त चीजों का संरक्षण करने की आवश्यकता है।प्रो एसके जांगड़े ने कहा कि 'वर्ल्ड अर्थ डे' यानी विश्व पृथ्वी दिवस मनाने के पीछे यह कारण है कि लोग पर्यावरण के महत्व को समझें और धरती बचाने के लिए जरूरी कदम उठाए। इस दिन को इंटरनेशनल मदर अर्थ डे के रूप में भी जाना जाता है।

प्रो एचएस राज ने कहा कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में हमने पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचाया। हमें अभी भी चेत जाना चाहिए अन्यथा हमारा समूल नाश निश्चित है। प्रदूषण के निदान हेतु लोग प्रयासरत भी हैं पर जन भागीदारी के अभाव में कोई हल नहीं दिख रहा है।

इस अवसर पर रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो आरएस साहू ने जल, जंगल को बचाने की अपील की। पौधारोपण के दौरान प्रो जेआर ध्रुव ,एनएस परस्ते, एके पन्नाा, महेंद्र पात्रे, विवेक साहू, पीपी राठिया, आरके श्रीवास्तव, सुषमा उपाध्याय, अमित निषाद, गंगा गुप्ता, साधना राजपूत, कुमुदिनी, मनीष कश्यप, धनेश्वरी शिव यादव, नरेंद्र ध्रुव समेत बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक व महाविद्यालय के छात्र उपस्थित थे।

सदाचार जीवन में दान की महिमा : उपाध्याय

तखतपुर/नवप्रदेश। सदाचार जीवन में दान की बड़ी महिमा है। उक्त बातें टिकरीपारा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में अचार्य बृजमोहन प्रसाद उपाध्याय ने कही। उन्होंने योगेच्च ठाकुर के निवास में आयोजित कथा में कहा आयु , कर्म, धन और मरण इन पांच बातों को ब्रह्माजी मां के गर्भ में पांचवे दिन ही लिख देते हैं । इस लेख के अनुसार मनुष्य के जीवन रूपी गाड़ी चलती रहती है। इसमें किसी भी प्रकार के हेरफेर की गुंजाइश एकाएक नहीं हो सकती है। लेकिन इसके भरोसे चुपचाप शांत होकर के कर्तव्य विमुख होकर बैठे रहना भी उचित नहीं है। हमें तो कर्म करते रहना है। ज्योतिष के अनुसार आयु कितने वर्ष की है। कैसे कर्म करने वाला होगा, कितना धनवान होगा, शिक्षा निम्न रहेगी या उच्च प्राप्त होगा।

विकास कार्यों में नही आएगी कोई कमी, सरकार प्रतिबद्ध : सोनवानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम जांजी में जिला पंचायत सभापति राहुल सोनवानी ने आरसीसी नाली निर्माण मुक्तिधाम और रनिंग वाटर निर्माण सहित कुल 23.5 लाख की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने ग्राम जांजी के रानीसागर तालाब में 2 पचरी और परसही तालाब में 2 पचरी बनवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सरपंच शिवनाथ रोहिदास उपस्थित रहे।

इस दौरान जिला पंचायत सभापति राहुल ने कहा कि विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। यह मेरा

संकल्प है. हमारी सरकार कृषि व किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ग्रामीणों को दी और उसका लाभ उठाने उन्हें प्रेरित किया। क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है और इस प्राथमिकता को पूरा करने के लिए मैं पूरा प्रयास कर रहा हूं। लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। इन विकास कार्यों का लाभ जल्द ही आम जनता को मिलेगा। गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति को कांग्रेस की हर जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिले इसके लिए सीएम प्रयासरत है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कार्य किया जा रहा है। इस दौरान चेतन सिंह, भुवन सिंह, मेलन सिंह, जयपाल सिंह, जागेश्वर सिंह, नीरज क्षत्रिय, जय देवांगन, नरेश नायक, दिनेश धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

छात्रों की सफलता पर शिक्षकों को मिलती है सबसे ज्यादा खुशी : डा. सुभाष

पेंड्रा/नवप्रदेश। एक शिक्षक एवं छात्र के बीच पढ़ाई के दौरान अनुशासन का रिश्ता तो बनता ही है। साथ में भावनात्मक रिश्ता भी बन जाता है। एक छात्र को तैयार करने में शिक्षक जी जान झोंक देता है। जिसे छात्र ही महसूस करता ह। जब छात्र अपने जीवन में अच्छा मुकाम हासिल करता है तो सबसे ज्यादा खुशी शिक्षक को ही होती है।

उक्त बातें केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डा. सुभाष सरकार ने केंद्रीय विद्यालय अमरकंटक में छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान कही। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डा. सुभाष सरकार शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय अमरकंटक पहुंचे तथा कक्षाओं का निरीक्षण कर छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों से संवाद किया। उन्होंने कक्षा 9,10 और12 में छात्रों से गणित,विज्ञान से संबंधित विषयों पर चर्चा की। साथ ही बच्चों के भावी जीवन की योजनाओं के बारे में भी पूछा। कक्षा दसवीं की छात्रा मैंकला नामदेव और वसुंधरा सिंह चौहान ने केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डा. सुभाष सरकार को विद्यालय के सभी कक्षाओं का भ्रमण कराया। इस अवसर पर कुलाधिपति डा. मुकुल ईश्वर लाल साह, कुलपति व अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति प्रो. प्रकाशमणि त्रिपाठी,कुलाच्पिति डा. अशोक मोदक गुरु घासीदास विश्वविद्यालय.बिलासपुर डा. अलोक श्रोत्रिय मनोनीत अध्यक्ष कुलसचिव पी. सिल्लुवैनाथान कुलानुशासक प्रो. शैलेन्द्र भदौरिया उपस्थित रहे।

दुनिया मे कोई भी प्राणी अमरत्व प्राप्त नही किया : आचार्य पाठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ग्राम बांधा मुंगेली में जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर के निवास में आयोजित पांच कुंडीय यज्ञ एवं श्रीमद भागवत व रामकथा आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान दौरान उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। साथ ही कथा श्रवण किया।

इस दौरान आचार्य मणिकांत पाठक ने कथावाचन करते हुए बताया कि दुनिया मे कोई भी प्राणी अमरत्व प्राप्त नही किया है जो इस संसार मे आया है। उसे एक दिन इस दुनिया से विदा होना ही पड़ेगा, श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा कि डंके पे चोट पड़ी है सामने फौज खड़ी है ना प्यार जता दुश्मन से युद्ध कर युद्ध कर जिसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण का मार्गदर्शन पाकर कौरवों से युद्ध कर विजयश्री प्राप्त किया। इस मौको पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने चंद्राकर परिवार के द्वारा कराए जा रहे आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रामकथा सुनकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। इस दौरान बिलासपुर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, अभय नारायण राय, संजीत बनर्जी, सोनू चंद्राकर, संजय जायसवाल, अरविंद वैष्णव, एजाज खोखर, रवि शुक्ला सहित कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बच्चों को दी गई गुड एवं बैड टच की जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। आस्था समिति क्रियान्वित चाइल्ड लाइन 1098 परियोजना द्वारा शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धरमपुरा में बच्चों के सुरक्षा एवं अधिकार के लिए ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । ओपन हाउस कार्यक्रम में उमाशंकर कश्यप केंद्र समन्वयक चाइल्ड लाइन ने बताया कि चाइल्ड लाइन 24 घंटा फोन एवं आउटरिच सेवा है, उन बच्चों के लिए जिन्हें देखरेख एवं संरक्षण की जरूरत है । किसी बच्चों को आश्रय की जरूरत, कोई बच्चों को पीट रहा हो, गुमशुदा, लापता शोषित ,बाल श्रम बाल विवाह हो रहा है तो चाईल्ड लाईन 1098 में फोन करके उन बच्चों की मदद कर सकते हैं। उन्होंने किशोर न्याय बालकों की देखरेख संरक्षण अधिनियम 2015 ,बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के बारे में जानकारी दी। काउंसलर निशा यादव के द्वारा बच्चों को गुड एवं बैड टच की जानकारी दी गई । लक्ष्मीनारायण सोनवानी के द्वारा बाल विवाह के बारे में जानकारी दिया गया। सविता कार्य के टीम मेंबर के द्वारा नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दिया गया। टीम मेंबर संजय कुमार बघेल के द्वारा लू से बचने के उपाय बताए गए। इस कार्यक्रम में उमाशंकर कश्यप केंद्र समन्वय, निशा यादव काउन्सलर, लक्ष्मीनारायण सोनवानी, हितेश कुमार कश्यप, संजय बघेल, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धरमपुरा के प्रधान पाठक प्रवीण मिश्रा, शिक्षक आरके बैस, सरपंच सुभद्रा साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिबाला , राजीम यादव, मितानिन व स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

दुर्घटना हुई क्या, पूछते ही टेंट व्यवसायी की हो गई पिटाई

- मारपीट से आहत ने घटना की शिकायत कोतवाली थाने में की है इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है

बिलासपुर/नवप्रदेश। तेलीपारा में कार का शीशा टूटा देखकर दुर्घटना के संबंध में पूछने पर युवकों ने टेंट व्यवसायी की पिटाई कर दी। मारपीट के बाद युवक धमकियां देते हुए वहां से भाग निकले। मारपीट से आहत ने घटना की शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जरहाभाठा सिंधी कालोनी में रहने वाले मुरलीधर रावलानी टेंट व्यवसायी हैं। शनिवार की दोपहर वे तेलीपारा गए थे। वहां से वे पेंटर को लेकर करबला हनुमान मंदिर के पास जा रहे थे। तेलीपारा जेम्स ज्वेलर्स के पास कार का शीशा टूटा पड़ा था। इसे देख उन्होंने अपनी एक्टिवा रोक दी। इसके बाद वे वहां पर खड़े युवकों से दुर्घटना के संबंध में पूछने लगे। इस पर वहां खड़े संजय पांडेय ने ज्यादा बात करता है कहते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर टेंट व्यवसायी की पिटाई कर दी। मारपीट के बीच आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। इसके बाद आहत ने कोतवाली थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की है। आहत की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सोने के लिए रूम नहीं देने पर दोस्तों ने युवक की कर दी पिटाई

रात में सोने के लिए रूम नहीं देने पर दोस्तों ने बीमा कंपनी के कर्मचारी की पिटाई कर दी। कोरबा के मिशन रोड में रहने वाले गोविंद सिंह निजी बीमा कंपनी में काम करते हैं। शुक्रवार की रात वे अपने कमरे में सो रहे थे। एक बजे उनके परिचित रोहित साहू ने दरवाजा खुलवाया। इसके बाद उसने सोने के लिए गोविंद के रूम में जगह मांगा। इस पर गोविंद ने उसे अपने कमरे में सुलाने से मना कर दिया। एक घंटे बाद वह मयंक और अन्य साथियों के साथ आया। सोने के लिए जगह नहीं देने पर उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर उन्होंने प्लास्टिक के पाइप और बेल्ट से पिटाई शुरू कर दी। मारपीट के बाद उन्होंने इसकी जानकारी अपने घर में देकर रविवार को थाने में शिकायत की है। आहत की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

युवक कांग्रेस के संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू

सूरजपुर/नवप्रदेश। युवक कांग्रेस के घोषित हुए सांगठनिक चुनाव को लेकर प्रदेश निर्वाचन अधिकारी मुकेश सहारन व संभागीय निर्वाचन अधिकारी ठाकुर सिंह बिष्ट ने जिला मुख्यालय में चुनावों के संदर्भ में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में बताया कि संगठन का चुनाव ऑनलाईन प्लेटफ ार्म पर होगा। दिल्ली से चुनाव संपन्न कराने पहुंचे निर्वाचन अधिकारियों ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि बीस अप्रैल से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और प्रदेश से लेकर जिला तक की सभी इकाईयां भंग हो गई है। युवक कांग्रेस के चुनाव को लेकर उन्होंने बताया कि 2016 में युवक कांग्रेस के चुनाव हुए थे और तीन-चार वर्षों में चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होती है, किन्तु कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्षों से चुनाव टल रहा था। बीस अप्रैल से प्रदेश और जिलों में नामांकन के साथ चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव ऑनलाईन प्लेटफ ार्म पर होगा, जिसमें नामिनेशन, आपत्ति, स्कूटनी के बाद मेम्बरशीप व मतदान की प्रक्रिया भी डिजिटल प्लेटफार्म पर होगी। 18 से 35 वर्ष के आयु के युवा ही संगठन चुनाव में हिस्सा ले सकेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि ऐसी प्रक्रिया है कि जो जितनी जल्दी नामिनेशन भरेगा उसका सिरियल नम्बर भी उतना ही उपर होगा। इस चुनाव में एसटी-एससी महिला वर्ग, माइनोरिटी ओबीसी व हैण्डीकैप के लिए नामिनेशन का प्रावधान है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में नामिनेशन के लिए तीन हजार रूपए व विधानसभा में नामिनेशन के लिए 1500 रूपए की फीस निर्धारित है तथा सदस्य बनने के लिए 50 रूपए की फीस निर्धारित की गई है। तीन माह के चुनावी प्रोसेस में चार चरणों के बाद चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होगी। इस दौरान प्रदेश निर्वाचन अधिकारी मुकेश सहारन ने पत्रकारों के पूछे गये सवालों का भी जवाब दिया और कहा कि युवक कांग्रेस का कार्य नये नेता चुनना है और नेतृत्व करने के लिए युवाओं को आगे लाने का कार्य राहुल गांधी कर रहे हैं। वहीं उन्होंने चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराया और जिज्ञासाओं को लेकर भी उनका जवाब दिया। प्रेस कांफ्रेस के उपरांत जिले के वरिष्ठ कांग्रेस के नेताओं सहित विधायकों व युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने स्थानीय सर्किट हाउस में पहुंच पीआरओ व जेडआरओ से सौजन्य मुलाकात की।

प्रतापपुर के मामले में ध्यानाकर्षण

पीआरओ श्री सहारन के सामने प्रतापपुर विधानसभा के युवा नेताओं ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि वे जब सूरजपुर जिले का हिस्सा हैं तो उन्हें बलरामपुर जिले में क्यों शामिल किया गया है. वहीं जिला कांग्रेस व एनएसयूआई संगठन में प्रतापपुर विकासखण्ड सूरजपुर में ही है, ऐसे में युवक कांग्रेस में भी प्रतापपुर को सूरजपुर सांगठनिक जिले में रखने की मांग वहां के युवा नेताओं ने की और सवाल उठाया कि प्रतापपुर को क्यों अलग किया गया है।

कांग्रेस संगठन में भी मची खलबली

युवक कांग्रेस के चुनावों को लेकर जिला संगठन में भी खलबली मच गई है. दर्जनों दावेदारों के बीच युंका का चुनाव कांग्रेस संगठन के लिए मुसीबत का सबब भी बन गया है. हर नेता की ओर से एक दावेदार होने के कारण सिर फुटव्वल की स्थिति निर्मित हो गई है. आपसी सामंजस्य बनाने के लिए आला पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने युवाओं की बैठक भी ली, परंतु महत्वाकांक्षा पाले युवाओं के बीच सामंजस्य न होने से बैठक भी बेनतीजा ही रही।

आरक्षक से प्रधान आरक्षक रेंज स्तरीय पदोन्नति परीक्षा प्रारंभ

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर के निर्देशानुसार सभी पुलिस रेंज में वर्ष 2022 के लिए प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक तथा आरक्षक से प्रधान आरक्षक पदोन्नति परीक्षा लिया जाना प्रस्तावित है। बिलासपुर रेंज में होने वाले आरक्षक से प्रधान आरक्षक पदोन्नति परीक्षा के लिए गठित समिति में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीना अध्यक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीपीएम (गौरेला पेंड्रा मरवाही) अर्चना झा एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) बिलासपुर संजय साहू सदस्य हैं। वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता के तहत हो रहे पदोन्नति परीक्षा में आरक्षकों के सर्विस रिकार्ड की जांच, दावा आपत्ति लिये जाने के बाद एक अनुपात तीन में बिलासपुर जिले के 78, कोरबा जिले के 108, , मुंगेली जिला के 21, रायगढ़ के 138 एवं जांजगीर चांपा के 81 योग्य आरक्षकों का शारीरिक स्वस्थ्ता परीक्षा होना है ।

खुले में कचरे के साथ पॉलीथिन फेंक रही पालिका, पालतू पशुओं की हो रही मौत

बचेली/नवप्रदेश। वार्ड 7 के पास नगर का कचरा डाला जाता है जहां पालिका प्रशासन द्वारा लापरवाही बरतते हुए उस कचरे में पालीथिन भी फेक दिया जाता है। यह स्थान खुले में होने की वजह से पालतु पशु खाने की तलाश में कचरे के साथ पालीथिन खाकर बीमार हो जाते है। पेट फूलने की वजह से कई पशुओ की आये दिन मौत हो रही है। आपको बता दे कि पालिका द्वारा कई स्थानों पर (एसआरएलएम) कचरा प्रबंधन सेंटर बनाये गए है जहां इन कचरो से प्लास्टिक अलग किया जाता था। परंतु इस कचरे के ढेर की तस्वीरों को देखकर अब यह कार्य होता प्रतीत नही होता। इस कचरे के ढेर के पास भी एक सेंटर बनाया गया था जहां अब सिर्फ कुछ निशान ही बचे है देखरेख के अभाव में अज्ञात लोग सेंटर की शीट व जालियां लेकर चले गए है। इतना ही नही मुख्य बाजार में पालीथिन का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है इसपर भी पालिका मौन धारण किये हुए है। कार्यवाही के नाम पर कभी कभार एक आध दुकानों पर कार्यवाही कर महज खाना पूर्ति की जाती है। प्रतिबंधित पालीथिन का बड़े पैमाने में इस्तेमाल करने व विक्रय करने वालो पर कोई कार्यवाही नही की जाती। नगर में स्वच्छता अभियान को लेकर दीवारों पर कई श्लोगन लिखे हुए है इतना ही नही कचरा मुक्त शहर का अवार्ड भी मिला है परंतु तस्वीरे कई सवाल खड़ी करती है।

कलेक्टर बंगले के सामने कचरे का लगा था ढेर, 3 घंटे श्रमदान कर किया साफ

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर को सुंदर बनाने की पहल लिए जन सहयोग समाजसेवी संगठन अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी व उनकी स्वच्छता अभियान की टीम हर सप्ताह के रविवार को चलाए जाने वाले आभियान के तहत कलेक्टर निवास के सामने दूरसंचार कार्यालय सहित बाल उद्यान में सुबह तीन घंटे तक जमकर श्रमदान किया गया । दूरसंचार ऑफिस और बाल उद्यान के आसपास समाजसेवियों ने बड़ी मात्रा में कचरा निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। दूरसंचार कार्यालय और बाल उद्यान के पास लंबे समय से पड़े कचरे का विशाल टीला बन चुका था जो किसी पहाड़ से कम नहीं था यह स्थान कलेक्टर बंगला से लगभग सामने और राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने के कारण स्वच्छता अभियान में जुटे टीम की आम जनों ने जमकर सरहना करते रहे। कांकेर शहर के लोगो ने निस्वार्थ भाव से जुटे जन सहयोग समाजसेवी संगठन अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी उनकी टीम का आभार व्यक्त करते उनसे लगातार जुड़ते जा रहे है। स्वच्छता अभियान में जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वकील नरेंद्र दवे आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ श्याम देव ललित शर्मा प्रवीण गुप्ता धर्मेंद्र देव, जितेंद्र प्रताप देव राजेश चौहान, प्रमोद सिंह ठाकुर चंद्र किशोर देव ,दिनेश मोटवानी शैलेंद्र देहारी, करण नेताम भूपेंद्र यादव आदि ने उल्लेखनीय योगदान किया।

भाजपा नगर मंडल की बैठक संपन्न, कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत झोंकने की नसीहत

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा भाजपा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ चुनाव की तैयारी में अभी से जुटने की अपील की गई है । छत्तीसगढ़ में 2023 में विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार की गई। भारतीय जनता पार्टी अभी से छत्तीसगढ़ चुनाव की तैयारी में जुट गई है। जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे ने कहा 2023 छत्तीसगढ़ में चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को बिना रुके संगठन का काम करने को कहा गया है। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में 5 में से 4 राज्यों में चुनावी जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को अगले वर्ष होने वाले छत्तीसगढ़ चुनावों के लिए तैयार होने को कहा गया है। जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह ने कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ताकत झोंकने को कहा। नगर मंडल के प्रत्येक बूथ को मजबूत करने का प्रयास हर कार्यकर्ता को करना चाहिए। छत्तीसगढ़ में अगले वर्ष चुनाव में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। हर बूथ को बूथ विजय अभियान के रूप में लेना चाहिए। नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा लगातार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेस के भ्रष्टाचार, कुशासन, नीतियों और घोषणा पत्र में किए गए वादों को जनता के समक्ष उठाते रहे हैं जिससे बौखलाई कांग्रेस भाजपा के नेतृत्वकर्ता नेताओं को प्रशासन में दबाव डालकर झूठे मामले में फंसाया जा रहा है। जिससे भाजपा का कार्यकर्ता डरे सहमे और जनता की आवाज ना बन पाए। इसी क्रम में हमारे ऊपर षड़यंत्र पूर्वक धाराएं लगाकर 14 महीने बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एक तरफ भ्रष्ट पार्षद को बचाने के लिए पूरी सरकार लगी रही, मगर भाजपा नेताओं के लगातार आंदोलन के बाद अंततः भ्रष्ट पार्षद के ऊपर एफ आईआर हुआ । इस पार्षद ने अपने ऑडियो वीडियो में पैसे के लेनदेन मे अपने नेताओं का नाम लिया है, ये सारे नेता इस भ्रष्ट पार्षद को जेल जाने नहीं दिए और बचाते रहे। इसकी प्रतिक्रिया में आंदोलन करते भाजपा नेताओं को 54 दिन जेल में रहना पड़ा । जेल से भाजपा का नेता डरने वाला नहीं है, आगे भी आंदोलन जनहित में जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संग्राम सिंह राणा एवं आभार मनोहर दत्त तिवारी ने किया। इस बैठक में आलोक अवस्थी, आशुतोष पाल, आर्यद्र सिंह आर्य, राजपाल कसेर, अभय दीक्षित, गणेश काले, तरुण चोरिया, प्रकाश झा, अतुल सिम्हा, सतीश बाजपेई, योगेश शुक्ला, प्रेम सेठिया, प्रेम कुमार यादव, अनिमेष सिंह चौहान, आदित्य शर्मा, शैलेश कुमार, आनंद झा, अमर झा, शैलेश कुमार, मंजुला ध्रुव, प्रमिला कश्यप, नीलम यादव, सविता गुप्ता, कृष्णा राय, बबीता पाठक, श्वेता गुप्ता, कमलेश पटेल, सतीश बाजपाई, अतुल कौशल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सामाजिक न्याय पखवाड़ा में पीएम आवास योजना के लाभार्थी हितग्राहियों को घर-घर बांटे पौधे

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार के सामाजिक न्याय पखवाड़ा के अंतर्गत आज किसान मोर्चा के नेतृत्व में ग्राम बाबू दबेना, पोटगांव कोदागांव,भाठापारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी हितग्राही को घर घर पहुंच कर कटहल पौधा,जामुन पौधा,नीबू पौधा भेट किया गया और साथ ही एलईडी बल्ब का वितरण किया गया योजना के लाभ और भारतीय जनता पार्टी के कार्य योजना के बारे मे बताकर चर्चा किया गया लाभार्थी हितग्राही ने भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद संदेश देते हुए भाजपा के कार्यकर्ताओ के साथ बैठ कर मोदी जी के योजनाओं के बारे मे बताया गया और साथ ही कुछ कुछ लाभार्थी घर में पहुंचे कार्यकर्ता का स्वागत सम्मान के साथ ही जल पान कराकर कर फ्लाहार खिलाकर ससम्मान के किया गया साथ ही उस परिवार का हाल चाल जाना गया है इस कार्यक्रम के प्रभारी श्री ईश्वर कावड़े जी जिला मंत्री भाजपा,मंडल प्रभारी श्री मति निर्मला नेताम जी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, पंचूराम नायक जी मंडल अध्यक्ष ,उत्तम जैन जी, भावेश आरदे जी अ. जा.मोर्चा अध्यक्ष उपस्थित रहे।

प्रदेश की पहली विधानसभा का हो रहा समग्र विकास : कमरो

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। भरतपुर- सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने रविवार को विधानसभा अंतर्गत मनेंद्रगढ़ व सोनहत विकासखंड में विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और कहाकि संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र का प्राथमिकता से समग्र विकास किया जा रहा है। रविवार को विधायक कमरो ने अपने गृह ग्राम साल्ही में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत महावीर के घर से रामबरन के घर तक 77 लाख 71 हजार की लागत से बनने वाली बहुप्रतीक्षित सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य एवं सोनहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कचोहर में 20 लाख की लागत से बनने वाले नवीन पंचायत सह पीडीएस भवन के भी निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। विधायक ने कहा कि सड़क और पुल-पुलियों की सौगात मिलने से क्षेत्र में विकास के द्वार खुल रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि पंचायत भवन बनने से पंचायत की बैठक,मीटिग आदि कार्य आसानी से संपन्न किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहीं से गाँव

के विकास का खाका भी तैयार किया जाएगा। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्र दोनों का समानान्तर रूप से विकास कर रही है। ग्राम पंचायत में पुल-पुलिया, सड़क और भवन निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं जिससे की ग्रामीणों के भी जीवन को आसान बनाया जा सके। विधायक गुलाब कमरो विकास कार्यों के भूमि पूजन और लोकार्पण के दौरान हमेशा जन चौपाल और जनसंपर्क कर ग्रामीणों से सीधे रूबरू होने से नहीं चूकते। रविवार को भी उन्होंने सोनहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कचोहर सहित कई गाँवों में जनचौपाल लगाकर एवं सघन जनसंपर्क कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए इससे लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं मौके पर ही उन्होंने ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों का निवारण भी किया।

एनएसयूआई ने रिंगबाजो का फूंका पुतला

कांकेर/नवप्रदेश। अनमोल इंडिया चिटफंड कंपनी की जमीन नीलामी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। एनएसयूआई के द्वारा इसका विरोध करते हुए शहर के पुराना बस स्टैंड में षड्यंत्र करने वालों का पुतला दहन किया गया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद निवेशकों को राशि लौटाने के लिए 11 अप्रैल को अनमोल इंडिया चिटफंड कंपनी की जमीन नीलामी के लिए बोली लगाई गई जिसमें रिंग बनाकर बोलिदारों ने बोली लगाकर कम दाम में जमीन हड़पनी चाही। रिंग बनकर खरीदी का खुसा और निजी होटल में बैठक कर बनाई गई रणनीति की जानकारी प्रशासन को लगते ही जांच उपरांत उक्त दो जगहों की जमीन को निरस्त कर दिया गया है, लेकिन अब तक षड्यंत्र में शामिल लोगों पर कोई आपराधिक मामले दर्ज नहीं हुए है जिसे लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर पुतला दहन किया और कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की। मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी लतीफ अमन, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुमित राय, एनएसयूआई प्रदेश सचिव आयुषी मिश्रा, आईटी सेल जिला अध्यक्ष अमन गायकवाड़, अमित साहू, प्रिया टांडिया बस्तर संभाग संयोजक हर्ष राज ठाकुर तारास सिन्हा फैजल खान कुशल टंडन शहबाज खान साहिल पांडे एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नंदिनी ने अपने व्याख्यान में संसद में पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिए कई सुझाव

दंतेवाड़ा-बचेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद 2022 का आयोजन मानव रचना इंस्टिट्यूट एंव पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के द्वारा नई दिल्ली के संसद भवन में आयोजित किया गया। जिसमें देश भर के 83 विश्वविद्यालयों से 150 प्रतिभागी ने हिस्सा लिया। 25-25 प्रतिभागियों को प्रथम सत्र में 'भारत के परिप्रेक्ष्य में जलवायु परिवर्तन' के विषय एवं द्वितीय सत्र में 'काप 26 (कांफ्रेंस ऑफ़ पार्टीज) में भारत की प्रतिबद्धता' विषय पर पक्ष और विपक्ष के युवा सांसद के रूप में वक्तव्य देने का अवसर मिला। छत्तीसगढ़ से दंतेवाड़ा जिले की नंदिनी दीक्षित ने विपक्ष की तरफसे अपने विचार रखे। और सदन में व्याख्यान दिया। नंदिनी दीक्षित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में बीटेक की छात्रा है। नंदिनी ने कॉप 26 में भारत के द्वारा लिए गए लक्ष्य सन् 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के लिए उन्होंने संसद में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सोलर पैनल्स के लिए लोन प्रदान करने की सुझाव रखा। और इसके साथ उन्होंने अपने दूसरे सुझाव में पर्यावरण को लेकर कार्य कर रहे लोगों के लिए कहा की भारत में कई ऐसे लोग हैं जो बंजर भूमि पर पौधारोपण कर उस जगह को एक वन में परिवर्तित कर रहे हैं अगर हम ऐसे सस्टेनेबल डेवलपमेंट मॉडल पर इन्वेस्ट करें और इन्हें टूरिस्ट प्लेसिस में कन्वर्ट करें तो लोगों का रुझान पर्यावरण की तरफ बढ़ेगा। देश में पर्यावरण की क्रांति आएगी। नंदिनी ने समस्या से ज्यादा समाधान पर चर्चा की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला एवं द्वितीय सत्र को केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव ने संबोधित किया। नंदिनी दीक्षित के प्रधानमंत्री आवास में सोलर पैनल को जोड़ने वाले सुझाव को पसंदीदा सुझाव की श्रेणी में स्थान मिला है।

बेलरगांव को तहसील का दर्जा मिलने पर क्षेत्रवासी गदगद

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय गौरव ग्राम बेलरगांव को जैसे ही तहसील का दर्जा देने की खबर आई वैसे ही क्षेत्रवासी व ग्रामवासी शाम दिन शनिवार को शाम को ग्राम बेलर गांव के हृदय स्थल बस स्टैंड में धीरे-धीरे लोग इकट्ठे होने लगे व पूरे गांव में बुनियादी करके माननीय क्षेत्र के विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव जी के स्वागत के लिए पूरी गांव में बुनियादी करवाया गया और माननीय विधायक जी की स्वागत सत्कार में पूरी क्षेत्रवासियों ग्रामवासी द्वारा बड़े धूमधाम के साथ बड़े उत्साह के साथ गर्मजोशी स्वागत करते हुए ग्राम बेलर घटटूला मार्ग से हृदय स्थल बस स्टैंड तक पटाखा फोड़ते हुए रंग गुलाल वा विधायक डॉक्टर लक्ष्मी ध्रुव जी का जयकारा लगाते हुए पूरी क्षेत्र वासियों वा गांव वासियों के साथ बस स्टैंड पहुंचे जहां सभी क्षेत्र के वासियों के द्वारा विधायक महोदय जी को एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया उसके प्रति आभार व्यक्त किए गए एवं डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम जी को क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया आभार व्यक्त किए एवं कहा कि ग्राम बेलरगांव तहसील की मांग विगत कई वर्षों की लंबित था जोआज मूर्त रूप ले रहा है द्य बेलरगांव को तहसील बनाने के लिए संघर्ष समिति के द्वारा भी हमेशा संघर्ष करते रहे जिसके परिणाम स्वरूप आज हम सब के प्रयास से एवं मुख्यमंत्री वा प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के अथक प्रयास से यह तहसील का दर्जा प्राप्त हो रहा है क्षेत्रवासियों ने एवं ग्राम वासियों व सभी पार्टियों के लोगों ने विधायक को धन्यवाद दिया उनके प्रति आभार व्यक्त किए और आगे भी और अच्छे कार्य करने की बात कही ।जिसमें मुख्य रुप संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैलाश नाथ प्रजापति ,पूर्व मंडल अध्यक्ष अमर सिंह पटेल ,सरपंच संघ अध्यक्ष राजू सोम ,सरपंच ग्राम पंचायत बेलगांव उमेद मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष हूमित कुमार लिमजा कृषि ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष शशि भूषण भारती,वेद राम साहू , यशकरण पटेल ,अनिल साहू , सुरेश कोराम आमगांव सरपंच आत्माराम सोरी, मनेद्र साहू,पीला राम कश्यप , टेक राम देवांगन, शत्रुघ्न लाल साहू, लोकेश साहू ,गेंद लाल देवांगन,चंदूलाल साहू ,आत्माराम पटेल, प्रशांत चोपड़ा ,यतेंद्र साहू ,गोविंद यादव ,उमेश बंजारे ,उमेश साहू ,राजकुमार राकेश सूर्यवंशी सूर्यवंशी,प्रकाश सेन,निखिल सेनपाल, वीरेंद्र प्रजापति , नोमलाल देवांगन, महेंद्र सोनी बंसी लाल यादव , लि लंबर सिंह साहू, महेंद्र देवांगन ,महेंद्र भारती,श्रीमती उषा बाई देवांगन, पप्पू सेन ,मोतीलाल सेन, राजेंद्र ठाकुर ,कुलदीप देवांगन, विपिन चंद्र भारती टीके साहू ,मोती भानु राम नेताम शोभाराम पोया आदि लोग उपस्थित थे।

जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित करता है टीकाकरण : डॉ. भगत

रायपुर/नवप्रदेश। हर वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह 24 से 30 अप्रैल के दौरान विश्व टीकाकरण सप्ताह मनाया जाता है। टीकाकरण सप्ताह का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति का टीकाकरण करते हुए लोगों को जानलेवा बीमारियों से से सुरक्षित करना है।

इस बारे में राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. विश्वनाथ भगत कहते हैः ''टीकाकरण से लाखों लोगों की जान बचती है। UIP (Universal Immunization Programme) व्यापक रूप से दुनिया का सबसे सफलतम टीकाकरण कार्यक्रम है जो लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस वर्ष विश्व टीकाकरण सप्ताह Long Life for All 'लॉंग लाइफ फॉर ऑल' मतलब 'सभी के लिए लंबा जीवन' की थीम पर मनाया जाएगा। टीकाकरण रोगों के प्रति शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर विभिन्न संक्रामक रोगों से जीवन भर सुरक्षा प्रदान करता है। जैसे डिप्थीरिया, खसरा, काली खांसी, पोलियो, टिटनेस और वर्तमान में कोविड-19 भी शामिल हैं। विश्व में सक्रिय टीकाकरण लगभग हर साल असमय होने वाली मौतों को रोकता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व टीकाकरण सप्ताह क्र दौरान टीकाकरण के प्रति जन जागरूकता एवं लोगों को अपने और अपने बच्चों को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।''

आज विश्व टीकाकरण सप्ताह पर विशेष

देश में भी टीकाकरण की योजनाएं चलाई जा रही हैं

देश में टीकाकरण की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें यूआईपी, गहन मिशन इंद्रधनुष और पल्स पोलियो अभियान प्रमुख हैं। जहां गहन मिशन इंद्रधनुष के तहत गर्भवती महिलाओं एवं दो वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक बच्चों को जो यूआईपी के अंतर्गत नियमित टीकाकरण के दौरान किसी वजह से वंचित हो गये हों, उन्हें चिन्हित कर टीकाकरण किया जाता है। देश के साथ ही हमारे राज्य में भी - टीबी, काली खांसी, गलघोंटू, टिटनेस, पोलियो,डायरिया, खसरा, रूबेला, हेपेटाइटिस बी, मेनिन्जाइटिस, निमोनिया और अब कोविड-19 जैसे जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीका दिया जा रहा है।

कब से शुरू हुआ

विश्व स्वास्थ्य सभा ने मई 2012 की अपनी बैठक के दौरान विश्व टीकाकरण सप्ताह को मनाने का निर्णय लिया था। पहले, दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में टीकाकरण सप्ताह की गतिविधियां अलग-अलग तिथियों पर मनाई जाती थीं। 2012 में पहली बार एक साथ टीकाकरण सप्ताह मनाया गया, जिसमें दुनिया भर के 180 से अधिक देशों की भागीदारी रही थी।

कैरियर प्रोग्राम्स इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विषय पर सेमिनार का आयोजन संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के द्वारा बी प्लस की मान्यता प्रदान की गयी है। यह छत्तीसगढ़ में एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जो एनआईआरएफ रैंकिंग 2021 में उत्कृष्ट 151-200 विश्वविद्यालयों में सम्मिलित है। यहां पर वैश्विक मापदंड के अनुरूप विद्यार्थियों में नवोन्मेष को विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण बहु-विषयक अनुसंधान केंद्रित शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाता है। जिससे उनमें नेतृत्वशक्ति के विकास होने के साथ एक जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित हो सके।

विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए रोजगार की संभावनाओं और स्टार्टअप पर मार्गदर्शन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कलिंगा विश्वविद्यालय के द्वारा 23 अप्रैल 2022 को सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कलिंगा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के सहा. प्राध्यापक शेख अब्दुल कादिर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता शेख अब्दुल कादिर ने विद्यार्थियों से पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं तकनीक की बेहतर जानकारी और मार्गदर्शन से रोजगार प्राप्त करने के अनेक विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि परिश्रम, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन से मनोवांछित सफलता का मिलना तय होता है। विदित हो कि पत्रकारिता के क्षेत्र में शेख अब्दुल कादिर का लगभग 21 वर्षो का लंबा अनुभव है। उन्होंने अपने अनुभव को विद्यार्थियों से साझा किया। उक्त संगोष्ठी में विभिन्न स्कुलों तथा कॉलेजों के प्रतिभागी उपस्थित थे।

उक्त संगोष्ठी में कलिंगा विश्वविद्यालय के निर्देशक (एडमिशन) अभिषेक शर्मा ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में विद्यार्थियों के बीच पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम बहुत लोकप्रिय है। इस विषय पर सही मार्गदर्शन एवं डिग्री प्राप्त करके विभिन्न मीडिया प्रतिष्ठान में रोजगार की संभावनाएं सबसे ज्यादा है। इस सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थियों न अपनी जिज्ञासाओं को मुख्य वक्ता के समक्ष प्रस्तुत किया और उनसे उचित मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत मुख्य अतिथि के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करके आभार व्यक्त किया गया। उक्त सेमिनार में विश्वविद्यालय के मार्केटिंग एवं एडमिशन विभाग के निर्देशक अभिषेक शर्मा, काजल सिंह, विशाल, गरिमा सोनवानी और प्रवेश विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

काम पर नहीं लौटने पर संविदा कर्मचारियों को नोटिस

- **श्रम न्यायालय के आदेश की अवमानना कर रहे आंदोलनकारी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने लंबे समय से अनुपस्थित संविदाकर्मियों को काम पर लौटने नोटिस जारी कर दी है। साथ ही प्रदेशभर में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रखने के लिये वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई है। कंपनी प्रबंधन ने 21 अप्रैल को आंदोलनरत संविदाकर्मियों से चर्चा की तथा उनके पांच में से तीन मांगों को पूर्व में ही पूरी होने की जानकारी दी।

गौरतलब है कि श्रम न्यायालय द्वारा संविदा कर्मियों की मांगों का परीक्षण किया गया तथा उक्त हड़ताल को स्थगित कर कार्य में लौटने हेतु आदेश जारी किया गया है। संविदा कर्मचारियों द्वारा उक्त आदेश का पालन न करते हुए अपनी हड़ताल लगातार जारी रखी गई है। विद्युत संविदा कर्मियों द्वारा 10 मार्च से आंदोलन कर कार्य का बहिष्कार किया है। प्रबंधन द्वारा समय-समय पर उनसे हड़ताल समाप्त कर कार्य पर लौटने हेतु कहा गया है, विद्युत संविदा कर्मियों से प्रबंधन ने दिनांक 21 अप्रैल को बैठक लेकर चर्चा की गई चर्चा में संविदा कर्मियों को बताया गया कि, मान उच्च न्यायालय द्वारा एक याचिका में दिये गये निर्णय में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के भर्ती के विज्ञापन में संविदा कर्मचारियों को अनुभव के आधार पर बोनस अंक का जो प्रावधान रखा गया था, उसे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अपास्त करते हुए नई भर्ती प्रक्रिया अपनाये जाने हेतु निर्देशित किया है। संविदा कर्मचारियों को इस बाबत् 21 मार्च को सूचना देकर कार्य में लौटने हेतु सलाह दी गई थी, किन्तु संविदा कर्मचारियों को सूचित किये जाने के उपरांत भी वे हड़ताल पर रहे।प्रबंधन द्वारा संविदा कर्मियों से चर्चा के दौरान यह भी बताया कि उनकी कुल 05 मांगों में से 03 मांगे पूर्व में ही निराकृत की जा चुकी है जिनमें प्रमुखतः वेतन बढ़ाना, कार्य के दौरान दुर्घटना में उपचार व्यय की प्रतिपूर्ति, मृत्यु के स्थिति में मुआवजा सम्बन्धी माँग मानी जा चुकी है तथा क्रियान्वयन आदेश भी जारी हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि लगभग 2300 संविदा कर्मचारियों के कार्य पर अनुपस्थित रहने के कारण मैदानी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सामान्य रखने हेतु विभाग द्वारा अस्थाई रूप से वैकल्पिक व्यवस्था कर सतत् विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा रही है।

नवा रायपुर के किसानों की मांग, सरकार सुध तक नहीं ले रही : हुपेंडी

- **नवा रायपुर किसान की मौत का असल गुनहगार मुख्यमंत्री हैं**

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर प्रभावित किसानों के आंदोलन के दौरान 11 मार्च को किसान सियाराम पटेल की मौत की जांच के लिए सरकार ने एक दंडाधिकारी जांच कमेटी गठित की थी इस जांच कमेटी ने आंदोलन कर रहे किसानों के ही ऊपर उनकी साथी की मौत का ठीकरा फोड़ दिया है जिसे आम आदमी पार्टी ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने कहा कि ये किसान भाइयों के साथ कैसा इंसाफ है जो अपनी मांगों को लेकर अनवरत कई महीनो से आंदोलन कर रहे है उनकी मांगों की शासन सुध तक नहीं ले रही है। आंदोलन रत किसान भाई मानों प्रदेश के किसान ही नहीं है जिस तरह उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव उत्तम जायसवाल ने कहा है कि नवा रायपुर प्रभावित किसान अपने वाजिब मांगो को लेकर आंदोलन कर रहे है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी उनकी मांगों को मानने के बजाय आंदोलन कर रहे किसानों को ही सियाराम पटेल की मौत का गुनहगार बता रही है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और किसानों का अपमान है। इस पूरे आंदोलन को कुचलने के हिसाब से यह सब षड्यंत्र किया जा रहा है। आंदोलन की जो मौलिकता है उसे दरकिनार करते हुए आयोजन समिति के ऊपर यह आरोप लगाना व जांच समिति का सहारा लेकर यह कोंग्रेस सरकार प्रभावित किसानों के आंदोलन को दबाना चाहती है। उन्होंने आगे कहा की अभी भी किसान अपनी वाजिब मांगो को लेकर आंदोलन पर है लेकिन यह कोंग्रेस की सरकार सुन नहीं रही है। इतनी गर्मी में भी किसान अब भी इस आंदोलन को अनवरत जारी रखे हुए है लेकिन सरकार की ओर से किसी भी प्रकार से ध्यान नहीं दे कर रही है। सरकार इन सब बातों को ध्यान में रखकर निर्णय ले तो बेहतर होता ना कि जांच समिति का सहारा लेकर आयोजन समिति के ऊपर आरोप लगाना जैसे षड्यंत्र करें।

आम आदमी पार्टी कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार से निवेदन करती है कि किसानों के आंदोलन को कुचले बिना उनकी जायज मांगों को पूर्ण कर आंदोलन खत्म करवाए और मृतक किसान के परिवार को अनुकंपा नियुक्ति और उचित मुआवजा देकर मदद करे।

मिट्टी भी हुए महंगे, सोना कैसे खरीदेगा गरीब आदमी : वंदना

रायपुर/नवप्रदेश। पेट्रोल की बढ़ती हुई कीमतों ने मिट्टी भी महंगी कर दी है। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने बेलगाम महंगाई पर केन्द्र सरकार को घेरते हुए कहा कि मोदी के राज में मिट्टी भी महंगा हो गया तो गरीब सोना खरीदने के बारे में सपने में भी सोच नहीं सकते। महंगाई के कारण गरीब परिवार को मिट्टी का उपयोग करना भी महंगा पड़ रहा है। मध्यम एवं गरीब परिवार मिट्टी का मटका उपयोग करते है मिट्टी के मटका भी महंगा होने के कारण से खरीद नहीं पा रहे है 800 रूपये प्रति ट्राली की दर से बिकने वाली मिट्टी अब 1200 रूपये प्रति ट्राली की दर से बिक रही है। मटका गरीबों का फ्रीज होता है लेकिन भाजपा सरकार के गलत नीति के कारण आज मिट्टी से लेकर प्रत्येक दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुओं के दामों में आग लगी हुई। गरीब मध्यम वर्ग के लोगों के पहुँच से मिट्टी का मटका भी दूर हो गया है, पहले मिट्टी का मटका 40-50 रुपए में मिलता था लेकिन अब 150-200 रूपये हो गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि महंगाई के जहरीला छाया ने अकती त्यौहार को भी नहीं छोड़ा। भारतीय भरपंरा है कि अकती के त्यौहार में बच्चे बड़े धूमधाम से गुड्डा, गुड़िया जो मिट्टी से बनी रहती है उसे खेलते है इस त्यौहार का बेसब्री से इंतजार रहता था। मोदी सरकार में बेलगाम महंगाई ने आम जनता के कमर तोड़ रखा है। बढ़ती महंगाई से महिलाओं की घर की बजट बिगड़ गया है, बढ़ती महंगाई से हर वर्ग परेशान हो गया है। महंगाई, महंगाई डायन करके चिल्लाने वाली भाजपा नेत्रियों के लिये अब महंगाई मौसी दाई बन गई है इसलिए बेलगाम महंगाई पर भाजपा नेता एवं नेत्रियां मौन हो गये है। महंगाई कम करने के जुमलेबाजी करके सत्ता में काबिज हुए। मोदी राज में महंगाई से जनता त्रस्त हो गई है।

एनएमडीसी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 काउंट डाउन मनाया

हैदराबाद/रायपुर/नवप्रदेश। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने 21 जूनए 2022 को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का काउंटडाउन प्रारम्भ करते हुए आज अपने मुख्यालय और परियोजनाओं में योग अभ्यास और प्रदर्शन का आयोजन किया। प्रवीण कुमार अधिशासी निदेशक कार्मिक ने हैदराबाद में योग सत्र का उद्घाटन करते हुए कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को सक्रिय रूप से प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहित किया।

एनएमडीसी ने नमस्ते इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। योग गुरु बृजभूषण पुरोहित, एस रवि कुमार और रवि किशोर ने आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के अनुसार योग आसनों का प्रदर्शन किया।

उनके नेतृत्व में एनएमडीसी परिवार ने उत्साह के साथ योग आसनों और प्राणायाम क्रिया का पालन किया।

आयुष मंत्रालय द्वारा योग महोत्सव 2022 अभियान के हिस्से के रूप में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के लिए 100 दिनों के रनअप में योग अभ्यास और प्रदर्शन आयोजित करने के लिए सौ संगठनों की पहचान की गई है। आयुष मंत्रालय ने 13 मार्चए 2022 को अभियान शुरू किया और इस्पात मंत्रालय और इसके सीपीएसई को 23 अप्रैल 2022 आवंटित किया।

कृषि मंत्री चौबे ने अक्ती तिहार के लोगो और प्रचार फिल्म का विमोचन किया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने अपने निवास कार्यालय में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले अक्ती तिहार के लोगो तथा प्रचार फि ल्म का विमोचन किया। प्रचार फि ल्म में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविंद्र चौबे के वीडियो संदेश शामिल किये गये हैं। अक्ती तिहार अक्षय तृतीया के अवसर पर 3 मई 2022 को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित सभी कृषि महाविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों में आयोजित किया जाएगा। कृषि मंत्री चौबे ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल को अक्ती तिहार आयोजन की सफ लता के लिए शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, बीज निगम अन्य विभागों एवं संस्थाओं के सहयोग से छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार अक्षय तृतीया के अवसर पर दिनांक 3 मई को अक्ती तिहार व्यापक रूप से मनाया जाएगा। इस दिन विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त महाविद्यालयों, अनुसंधान केन्द्रों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों सहित लगभग 60 स्थानों पर अक्ती तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन की सुराजी गांव योजना के अंतर्गत स्थापित उस जिले के प्रमुख गौठानों को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। गौठान समितियाँ, स्व-सहायता समूहों की सहभागिता भी इस कार्यक्रम में सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर कृषकों, गौठान समितियों एवं स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को विभिन्न खाद्यान - दलहन, तिलहन, सब्जी, चारा आदि फसलों के बीज एवं पौध सामग्री विश्वविद्यालय द्वारा विकसित एवं प्रचलित लघु कृषि यंत्रों तथा औजारों का विरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कृषक प्रशिक्षण एवं कृषक संगोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें कृषकों की तकनीकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में अक्ती तिहार (अक्षय तृतीया पर्व) कृषि का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन से किसान आगामी फ सलों हेतु कार्ययोजना बनाते हैं। वे अपने खेतों में जाकर आगामी फसल के लिए संग्रहित बीजों की पूजा अर्चना करते हैं और कुछ मात्रा में इन्हें उगाकर बीजों की अंकुरण क्षमता का परीक्षण भी करते हैं। अक्ती तिहार के अवसर पर किसान आगामी फ सल अच्छी होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की जाती है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के इस महत्वपूर्ण कृषि पर्व को विश्वविद्यालय द्वारा वृहद रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम में कृषकों के साथ-साथ स्थानीय जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित अक्ती तिहार में कृषकों, गौठान समितियों एवं स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को फ्ल-फूल एवं सब्जी फ सलों की पौध सामग्री का वितरण किया जाएगा। बीजों के साथ ही तकनीकी जानकारी भी मुद्रित रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। कृषकों, गौठान समितियों एवं स्व-समूहों के सदस्यों को महाविद्यालयों, अनुसंधान केन्द्रों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों में आमंत्रित कर उन्हें नवीन बीजों एवं कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा।

14 मई सर्व ब्राह्मण शोभा यात्रा की सफलता के लिए बैठकों का दौर जारी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष अनुसार 14 मई को प्रदेश स्तरीय आयोजित होने वाली सर्व ब्राह्मण शोभा यात्रा को सफ ल बनाने के लिए बैठकों का दौर लगातार जारी है। रैली धरना स्थल बुढ़ापारा से निकलेगी। आज टाटीबंध राधा कृष्ण मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आयोजन को सफ ल बनाने के लिए तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। शहर महासचिव आशीष शर्मा ने टाटीबंध तथा शहर में निवासरत समस्त ब्राह्मणों से अधिक से अधिक उपस्थिति की अपील की। प्रदेश तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने सामाजिक एकजुटता की आवश्यकता पर विस्तार से बताया तथा 14 मई को आयोजित शोभायात्रा के प्रयास में अधिक से अधिक उपस्थिति हेतु जुट जाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा ने बताया कि रैली का यह 20वां वर्ष है ।

सुरेश शर्मा, हर्षवर्धन शुक्ला, जितेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण, जांगिड़ ब्राह्मण, सरयूपारी, कान्यकुब्ज, पंजाबी, ब्राह्मण, गौड़ ब्राह्मण के प्रतिनिधि के रूप में मुन्ना मिश्रा, आशीष शर्मा, अखिलेश शर्मा, राजेंद्र दुबे, जितेंद्र शर्मा, हर्षवर्धन शुक्ला, रवि शर्मा, भरत शर्मा, अमनदीप शर्मा, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, आशुतोष दुबे, संजीव शर्मा, नीतीश शुक्ला, यादव प्रसाद पांडे सहित विप्र जन उपस्थित थे। संचालन आशीष शर्मा तथा आभार जितेंद्र शर्मा ने किया।

सफल प्रशासक बनने के लिए आपके मन में करूणा, स्नेह और आदर का भाव हो : सुश्री उइके

- **राज्यपाल सुश्री उइके ने 'अखिल भारतीय प्रशासनिक सम्मेलन' का किया शुभारंभ**
- **'स्प्रिचुअलिटी फॉर एक्सीलेंस इन एडमिनिस्ट्रेशन' विषय पर शांति सरोवर में आयोजित हुआ सम्मेलन**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजधानी रायपुर स्थित शांति सरोवर में प्रशासकों, कार्यपालकों और प्रबंधकों के लिए आयोजित अखिल भारतीय प्रशासनिक सम्मेलन का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर परियोजना के तहत राजयोग एजुकेशन एन्ड रिसर्च फाउंडेशन के प्रशासक सेवा प्रभाग द्वारा 'स्प्रिचुअलिटी फॉर एक्सीलेंस इन एडमिनिस्ट्रेशन' विषय पर यह सम्मेलन आयोजित किया गया।

राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रशासनिक अधिकारियों व प्रबंधकों के लिए आयोजित यह सम्मेलन निश्चित ही उन्हें मार्गदर्शित करेगा। प्रशासक शासन व्यवस्था की धुरी है। प्रशासक जितना कुशल, उत्तरदायी, कर्मठ और ईमानदार होगा, प्रशासन उतना ही जिम्मेदार और सक्षम बनेगा। उन्होंने कहा कि सामान्य धारणा है कि वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था लोगों की आकांक्षाओं को पूर्ण करने में खरा नहीं उतर रहा है तथा लोगों में व्यवस्था को लेकर असंतुष्टता दिखाई देती है। इसका एक प्रमुख कारण नैतिक और मानवीय मूल्यों के अभाव को माना जा रहा है। प्रशासन को दक्ष बनाने के लिए नैतिक व मानवीय मूल्यों, आध्यात्मिक ज्ञान और सकारात्मक विचारों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अंग बनाना होगा, जिससे वे लोक व देशहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि जन कल्याणकारी नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन से समाज तथा देश का विकास संभव हो पाएगा। ऐसे में प्रशासक में संवेदनशीलता, करूणा एवं सद्भावना जैसे मानवीय मूल्य हों तो वे बड़ी सहजता से जनसमस्याओं को दूर कर उनमें खुशी का संचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप तभी सफल प्रशासक बन पाएंगे जब आपके मन में करूणा, स्नेह और आदर का भाव होगा। लोग बेझिझक आपसे अपनी बात कह पाएंगे, उन्हें अपनी समस्या का समाधान मिलेगा। लोग बहुत छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के पास आते हैं। आवश्यकता केवल इतनी है कि आप उनसे बात कर लें, उनकी समस्याओं को सुनें और नियम अनुरूप निर्णय से उन्हें लाभान्वित करें। इससे लोगों के बीच प्रशासक की स्वीकार्यता बढ़ेगी।राज्यपाल सुश्री उइके ने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहने के दौरान किए गए कार्यों का अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमें अपने अधिकारों से लोगों की मदद करनी चाहिए। मुझे राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय जनजातीय आयोग जैसे महत्वपूर्ण निकायों में रहते हुए देश भर का भ्रमण कर महिलाओं और वंचितों को न्याय दिलाने का अवसर प्राप्त हुआ। इन कार्यों से मुझे आत्मसंतुष्टि की अनुभूति हुई और लोगों का असीम स्नेह मिला।

आश्रम -छात्रावासों में भी खेल सामग्री वितरण में भ्रष्टाचार, विधायक पर लगे गंभीर आरोप

■ कांग्रेसी विधायक पर उनकी ही पार्टी के नेता द्वारा आरोप लगाने से मची खलबली

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर के कांग्रेसी विधायक के खिलाफ उनके ही पार्टी के युवा नेता अजय सिंह ने भ्रष्टाचार को लेकर मोर्चा खोल दिया है। विधायक पर एक से एक संगीन आरोप लगाकर पूरे प्रदेश में खलमली मचा दी है। पार्टी की हो रही किरकिरी को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान इस मामले को संज्ञान में ले सकती है। बहरहाल अजय सिंह ने आरोप लगाया है कि पंद्रहवें वित्त की राशि पर विशेषाधिकार जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत और वहां की जनता को होता है, वे तय करते हैं कि इस पैसे उन्हें क्या करना हैं, लेकिन वहां पर भी सत्तापक्ष हस्तक्षेप दबाव और सीईओ को निर्देश कर टेंट और बर्तनों का क्रय, साड़ी, कंबल का क्रय किया जाना दुर्भाग्य जनक है। जबकि शासन की सीधी गाइड लाइन है किइस राशि से जरूरतमंद, मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना है, अब साड़ी क्रय कर वितरण करना समझ से परे है। 14 से लेकर 28 लाख के बर्तन एक एक ब्लाक में वितरण दुर्भाग्यजनक है। जनता के पैसों का दबाव में आकर इस तरह बंदरबाट कर अधिकारी वो काम कर रहे, जो उन्हें नहीं करना चाहिए। इसी तरह 15 अप्रैल को अंतिम तिथि थी निविदा प्रपत्र लेने की। जिला निर्माण समिति ने ऐसे 30 निर्माण कार्यों के लिए निविदा बुलाई थी, लेकिन कलेक्टर जो डीएमएफ के अध्यक्ष होते हैं, उनका एक विशेषाधिकार होता है कि निविदा उस पर बुलाए और प्रक्रिया के तहत् निविदा प्रपत्र दे और जिले में विकास कार्य हो, लेकिन उसी काम को दूसरी बार स्वीकृति प्रदान करना कही ना कही भ्रष्टाचार की ओर इंगित करता है।

आरोप है कि जहां पर 1.98 लाख की लागत से खेल सामग्री का वितरण किया जाना था, जिसमें अंबिकापुर के किसी सप्लायर को यह काम दिया गया और कुल 50 लाख रूपए की खेल सामग्री की सप्लाई हुई, जो स्तरहीन और घटिया है। उनके द्वारा सामान वापस कराया गया। इस तरह एक एक आश्रम में डेढ़ लाख से दो लाख रूपए का भ्रष्टाचार किया गया। अजय के मुताबिक जब वित्तीय बजट पेश होता है तो इसकी खबरें प्रकशित होती है, जिला प्रशासन ने भी डीएमएफ का प्रपोजल पेश किया तो उसकी खबरें आई, लेकिन जनसंपर्क के माध्यम से छोटे-छोटे खबरों को प्रसारित नहीं किया जा रहा, जिसमें कार्यों का आवंटन का प्रचार-प्रसार जैसे मुख्य कार्य बिंदु शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि उनके शिकायत पर नियमतः जांच हो जाए तो कई अफसरों को जेल की हवा खानी पड़ेगी। ,,

तेलंगाना के करीमनगर में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री के साथ छग के 5 लोग गिरफ्तार

बीजापुर/नवप्रदेश। तेलंगाना में नक्सलियों के लिए विस्फ ोटक सामान खरीद कर पहुंचाने वाले बीजापुर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र से 3 तथा तेलंगाना के करीमनगर जिले से 2 समेत 5 लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। करीमनगर के सीपी सत्यनारायण ने कहा कि उन्हें सुबह करीमनगर-हैदराबाद रोड पर टोल प्लाजा पर छग में माओवादियों को गोला-बारूद ले जाते समय गिरफ्तार किया गया। मुदीडेना चिन्नाराव बीजापुर जिले के भोपालपट्टनम तहसील के समीप रुद्रारम, अर्जुनली गांव के निवासी बताया जा रहा है, और पंचायत सचिव के तौर पर कार्य करने वाले कोरम विजय से उनकी अच्छी दोस्ती होने की जानकारी मिली है। माओवादियों के केंद्रीय समिति के सदस्य कट्टा रामचंद्ररेड्डी उर्फ राजूदादा उर्फ विकल्प, राज्य समिति सदस्य कूकाती वेंकट उर्फ विकास, क्षेत्र मंडल समिति के सदस्य नागेश के भोपालपट्टनम तहसील रुद्राराम पंचायत सचिव कोरम विजय के साथ संबंध अच्छे है। माओवादियों के लीडर ने चिन्नाराव व विजय को बताया की रिजर्व फ रेस्ट में विस्फोट करने के लिए और पुलिस पर हमला करने की लिए विस्फ ोटक की आवश्यकता है। इसकी जवाबदेही माओवादी पार्टी के सदस्य नागेश ने चिन्नाराव की मौजूदगी में सचिव विजय को दिया। चिन्नाराव और विजय ने भोपालपटनम में जेसीबी संचालन राज्या से संपर्क किया। जेसीबी संचालक राज्या ने सिद्धीपेट जिले के बेजजानकी ने उन्हें विस्फोटक सप्लाई करने की सहमति चिन्नाराव को दिया। सप्लायर से सहमति के बाद रुद्राम के कोंडागोरला सुनील (27), बेजजानकी क्रॉस रोड के बसवेनी राजाया (56), तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले से गोरला बापू (40), मोटकुलपल्ली अक्कन्नापेटा जोन नागाबोइना निवासी नागराज (50) को गिरफ्तार किया गया। चिन्नाराव ने कहा कि विजय माओवादियों को गोला-बारूद की आपूर्ति कर रहे थे। उन्होंने रुपये की मांग की थी, जिसे 3 लाख रुपए माओवादी पार्टी के नेता नागेश ने दिए थे। चिन्नाराव, विजय और जेसीबी वाहन संचालक व बेजजानकी ने क्रॉस रोड पर राजसभा के माध्यम से विस्फोटक खरीदने का सहारा लिया। करीमनगर के सीपी सत्यनारायण ने कहा कि राजसभा संगठन ने अन्य आरोपियों से संपर्क किया, और विस्फ ोटक एकत्र कर छग के लिये जाते समय करीमनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। भोपालपटनम एसडीओपी भावेश समरथ से इस संबंध जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि तेलंगाना करीमनगर में मामला दर्ज है। रिपोर्ट तेलगु में लिखी हुई है। इसका अध्ययन करने कर ही कुछ बताया जा सकता है। छग के भोपालपटनम के लोगों का नाम आ रहा है जो सही है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी मिल पायेगी।

धूमधाम से मनाई जाएगी परशुराम जयंती, बैठक में लिए गए कई निर्णय

रामानुजगंज/नवप्रदेश। नगर के विप्र समाज के द्वारा भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाए जाने को लेकर नगर व गांव में स्थित राम मंदिर में विकास दुबे के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए मोटर साइकिल रैली, शोभा यात्रा, हवन पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने का निर्णय लिया गया। बैठक की शुरूआत भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजन करके किया गया। विप्र समाज के रमाशंकर दुबे एवं शैलेश दुबे ने कहा कि कोरोनावायरस कारण हम सब सार्वजनिक रूप से भगवान परशुराम की जयंती नहीं बना पा रहे थे लेकिन इस बार धूमधाम से भगवान परशुराम की जयंती मनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया है। भगवान परशुराम जयंती को लेकर विप्र समाज के लोगों को विभिन्न जिम्मेवारियां भी बांटी गई। यह दौरान प्रमुख रुप से यशपाल दुबे मनोज तिवारी दीपक दुबे प्रमोद मिश्रा प्रभाकर द्विवेदी विनय पांडे वेद प्रकाश तिवारी धनंजय पांडे संतोष पांडे नितांत चौबे शुभम तिवारी आकाश तिवारी सहित विप्र समाज के लोग उपस्थित थे। बैठक का संचालन यशपाल दुबे एवं आभार प्रदर्शन मनोज तिवारी द्वारा किया गया।

पेशा कानून लागू करने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बीजापुर/नवप्रदेश। आदिवासी क्षेत्रों में लागू 5 वी अनुसूची, ग्राम सभा, पेशा कानून पूर्ण रुप से लागू करने सहित कुल 18 सूत्रीय मांग राज्यपाल के नाम भैरमगढ़ एसडीएम को सौंपा गया। 5वीं अनुसूची क्षेत्र में शासन प्रशासन द्वारा जन कल्याण के विकास कार्य के नाम पर करोड़ों रुपये अधिकारी गण, ठेकेदारों द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जो अनुचित है, प्रशासन के लोग ग्राम सभा को दरकिनार करते हुए इस क्षेत्र के लोगों की मूलभावनाओं के खिलाफकार्य किया जा रहा है इसे बंद किया जाए तथा क्षेत्र के ग्रामीण आदिवासियों की मांग पर शासन ध्यान दे। भैरमगढ़ के समीप गांव चिहका में वन संघर्ष समिति के बैनर में एक दर्जन गांव के सैकड़ों आदिवासी ग्रामीण लोग जुटे थे, जिन्होंने क्षेत्र में पेशा कानून, पांचवीं अनुसूची के अलावा ग्राम सभा के प्रस्ताव को मान्य करने के लिए ज्ञापन दिया। भैरमगढ़ के समीप चिहका गांव में एक दर्जन गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों आदिवासियों के इकठ्ठा होने तथा धरना प्रदर्शन की सूचना पर भैरमगढ़ से एसडीओ पी भावेश कुमार के नेतृत्व में फोर्स गई, फ ोर्स द्वारा चिहका में ही ग्रामीणों को रोका गया। पुलिस के समझाइश पर राज्यपाल के नाम भैरमगढ़ के एसडीएम को 18 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। एसडीएम ने ग्रामीणों से कहा कि शासन स्तर की मांग है इसे भेजा जायेगा।
शासन स्तर से जो भी स्वीकार होगा उसकी जानकारी दी जाएगी। ग्राम चिहका में फोर्स के दबाव व समझाने पर मांग पत्र सौंपकर ग्रामीण अपने अपने गांव चले गए। इस रैली में युवाओं के अलावा महिलाओं की भी उपस्थिति रही जो दूरदराज गांव से पहुंचे रहे। रैली में ग्रामीण ने अपने साथ खाने पीने के सामान तथा बर्तन भी लाये थे।

मोदी के मंत्री सामाजिक न्याय पखवाड़ा के बहाने छग राजनीतिक पर्यटन पर आए थे : राजीव

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष राजीव शर्मा ने छत्तीसगढ़ सहित बस्तर दौरे पर आए केंद्रीय मंत्रियों के दौरे पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र के मंत्री छत्तीसगढ़ में भाजपा की खोई जमीन तलाशने के लिए भटक रहे हैं । इनके पास राज्य के विकास के लिए कुछ नहीं है । केंद्रीय मंत्री बताएं कि राज्य में आए हैं तो उनके विभाग की क्या योजना लेकर आए हैं सिर्फ अधिकारियों से मीटिंग करने और राज्य सरकार को कोसने से विकास में उनकी सहभागिता नहीं हो जाएगी । श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों ने सभी विषयों पर बात की लेकिन अपने विभाग से संबंधित योजनाओं से राज्य को क्या फायदा होगा इस पर किसी ने कुछ नहीं कहा, संघीय ढांचे पर हर राज्य को उसकी जनसंख्या के आधार पर केंद्रीय सहायता मिलती है । केंद्र ने छत्तीसगढ़ को 3 साल में जो राशि दी वह कोई खैरात में नहीं दी है । 15 वर्षों में भाजपा ने क्या किया, सब जानते हैं । 15 साल का इतिहास है सबसे ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है भूख से मौतें भी इनके कार्यकाल में हुई है किसानों के लिये भाजपा की सरकार ने कुछ नहीं किया, हमारी सरकार में किसान समृद्ध हुए, कर्ज का बोझ कम हुआ । आम जनता की जेब में पैसे जा रहे हैं घर में समृद्धि आई छत्तीसगढ़ में मंदी का असर नहीं है । बाजार में रौनक लौट आई है । केंद्र सरकार व नीति आयोग ने राज्य के कामकाज का आकलन करने के लिए मापदंड बनाए हैं । छत्तीसगढ़ सभी मापदंड पर खड़ा उतरा है, इसके बाद भी केंद्र सरकार से मदद नहीं मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है । केंद्रीय राजस्व के संग्रहण में छत्तीसगढ़ का स्थान अग्रणी है लेकिन जब राज्य के हिस्से का राजस्व देने की बात आती है तो छत्तीसगढ़ की उपेक्षा की जाती है पिछले 3 वर्षों में 15वें वित्त आयोग के तहत बजट में राज्य का हिस्सा लगभग 13 सौ करोड़ कोल पेनाल्टी राशि 4140 करोड़ और जीएसटी की क्षतिपूर्ति का बकाया अब तक नहीं दिया गया लगभग सभी केंद्रीय योजनाओं में राज्यांश बढ़ाए गए हैं खाद्य सब्सिडी और मनरेगा जैसे कार्यक्रमों के बजट में मोदी सरकार लगातार कटौती कर रही है केंद्रीय मंत्री बताएं कि राज्य की बकाया राशि कब तक मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि लोगों को रोजगार देने महंगाई रोकने में केंद्र पूरी तरह से असफल है , देश की हालत ठीक नहीं है नोटबंदी और गलत जीएसटी की वजह से लोगों का रोजगार छूट रहा है रोजगार देने वाली छोटी इकाइयां बंद हो रही है महंगाई कमरतोड़ है मध्यमवर्ग डीजल पेट्रोल के दामों से परेशान हैं यूपीए सरकार की तुलना में बीते सात सालों में अधिक एक्साइज ड्यूटी वसूली गई। श्री शर्मा ने कहा कि देश का हर वर्ग में महंगाई कम करने और रोजगार की चिंता कर रहा है जमीनी और जनहित मुद्दों को उठाने में नाकाम भाजपा केंद्रीय नेताओं द्वारा प्रदेश सरकार की प्रशंसा से सकते में आ गई है, भाजपा नेता बेहद असहज स्थिति का सामना कर रहे हैं ।

9 लाख रुपए का गबन, आरोपी मुंशी को पुलिस ने ओड़िशा से किया गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के संजय बाजार स्थित एबी पोल्ट्री फार्म के संचालक से 9,20,000/- रूपये की अमानत में खयानत करने वाले शातिर मुंशी/आरोपी को पकड़ने में बस्तर पुलिस को सफ लता मिली है। 16 अप्रैल को एबी पोल्ट्री फार्म के संचालक अब्दुल्ला मेमन ने अपने कर्मचारी सब्बीर खान को 9 लाख 20 हजार रूपये अपने बैंक खाते में डालने के लिये दिया था। उक्त राशि को सब्बीर खान ने अपने संचालक के खाते में न डालकर दिये पैसे को लेकर फ रार हो गया। आरोपी एबी पोल्ट्री फार्म में पिछले पांच साल से मुंशी का काम करता था। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान आरोपी सब्बीर खान की उडीसा जैयपुर में उपस्थिति की सूचना पर एक टीम रवाना किया गया था उक्त टीम के द्वारा जैयपुर में संदेह के आधार पर एक व्यक्ति की पहचान कर, घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे पूछताछ पर उसने अपना नाम सब्बीर खान निवासी कालीपुर अटल आवास जगदलपुर को होना बताया। पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसके कब्जे से 8 लाख 58 हजार रूपये, दो नग मोबाईल एवं एक स्कूटी बरामद किया गया है।

सांसद व विधायक ने छात्राओं को नि :शुल्क 445 साइकिल वितरण किया

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर सांसद दीपक बैज एवं चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम मुख्यमंत्री साइकिल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित होकर बास्तानार विकासखण्ड के 149 छात्राएं व तोकापाल विकासखण्ड के 296 छात्राएं कुल 445 छात्राओं को सायकल वितरण किया। साइकिल मिलते ही बच्चियों के चेहरे खिल उठे। विधायक व सांसद ने दो विकलांग छात्र सोहन कुहरामी पिता विज्जो कुहरामी कक्षा पहली प्राथमिक शाला मासापारा संकुल केन्द्र बड़े बोदेनार एवं बामन बेंजाम पिता स्व.गुलोड़ी कक्षा छटवीं माध्यमिक शाला परलमेटा संकुल बास्तानार को ट्राई सायकिल भी दिया। जिससे उनकी शिक्षा एवं भविष्य सुनहरा हो सके। इस अवसर पर सांसद ने कहा पहले कई बेटियां स्कूल दूर होने के कारण पढ़ाई छोड़ देती थी, लेकिन इस योजना से ऐसी बेटियां फि र से स्कूल की तरफ आने लगी हैं। सरस्वती सायकल योजना छात्राओं के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने में आज वरदान साबित हो रही है। विधायक बेंजाम ने कहा कि स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं को स्कूल आने-जाने में होने वाली परेशानियों को देखते हुए घर से स्कूल तक की दूरी कम करने साइकिल प्रदान की जा रही हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कोरोना के बढ़ते ...

कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक करेंगे। इस बैठक में देश में बढ़ रहे कोरोना केसों को लेकर गहन चर्चा की जाएगी।

राज्य में कोरोना...

बचाव के लिए टीके की दोनों खुराकें दी जा चुकी हैं।

ओमिक्रॉन के खिलाफ...

बीमार कर सकते हैं। ऐसे में इनसे बचने के लिए बूस्टर डोज की सलाह दी गई है। आईसीएमआर के एक्सपर्ट्स ने भी माना है कि जिन लोगों को कोविशील्ड और कोवैक्सीन की दोनों खुराक लिए निर्धारित समय हो गया है, उन्हें बूस्टर डोज लेनी चाहिए।

ओमिक्रॉन के खिलाफनाकाफी कोविशील्ड

कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर किए गए अध्ययन में सामने आया है कि इस वैक्सीन की दोनों खुराक लेने के बाद भी शख्स में ओमिक्रॉन का असर दिख रहा है। इतना ही नहीं ओमिक्रॉन का नया वैरिएंट क्1 शरीर की एंटीबॉडी को प्रभावित कर रहा है। लेकिन हां अगर बूस्टर डोज ले ली जाए तो काफी हद तक एंटीबॉडी इस वैरिएंट के खिलाफ असरदार हो सकती है।

क्या निकला रिजल्ट

लोगों के सीरम के नमूने कोरोना ओमिक्रॉन के 14-30 दिनों के बाद एकत्र किए गए थे। 46 सफल मामलों में से, केवल 21 मामलों में पूर्ण जीनोम प्राप्त किया जा सका। 17 लोगों में कोरोना के डेल्टा वैरिएंट की पुष्टि हुई। जबकि चार में कोरोना का कप्पा वैरिएंट मिला।

शोधकर्ताओं ने बाद में क्1, डेल्टा, बीटा और ओमिक्रॉन वैरिएंट के खिलाफ इन सीरम नमूनों की क्षमता का आकलन किया। जिसके परिणाम चौंकाने वाले थे। सैंपल से पता लगा कि एंटीबॉडी ने ओमिक्रॉन की तुलना में क्1, बीटा और डेल्टा वैरिएंट को अधिक प्रभावी ढंग से बेअसर किया है। ओमिक्रॉन के मुकाबले सीरम में एंटीबॉडी का औसम सबसे कम 0.11 पाया गया। जबकि अन्य मामलों में इसका औसत 11.28 और 26.25 था।

गौरतलब है कि ओमिक्रॉन वैरिएंट का पहला केस दुनिया में दक्षिण अफ्रीका में पिछले साल नवंबर में पता चला था।

लखीमपुर कांड ...

बता दें कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया था, जिसमें आशीष मिश्रा को जमानत दी गई थी। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की पीठ ने मामले को हाईकोर्ट वापस भेज दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जमानत अर्जी में हाईकोर्ट ने अप्रासंगिक बातों पर विचार किया और पीड़ितों को सुनवाई का अधिकार नहीं दिया। पीड़ितों की सुनवाई से इनकार करना और हाईकोर्ट द्वारा दिखाई गई जल्दबाजी जमानत आदेश को रद्द करने के योग्य है। इस आदेश को बरकरार नहीं रखा जा सकता और इसे रद्द किया जाना चाहिए।

तिकुनिया में चार किसानों समेत आठ की हुई थी मौत

तीन अक्तूबर को हुए तिकुनिया कांड में चार किसान, एक पत्रकार, एक ड्राइवर और दो भाजपा कार्यकर्ता मारे गए थे। चार किसानों समेत एक पत्रकार की मौत में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र के पुत्र आशीष मिश्र उर्फ मोनू समेत 14 आरोपियों के खिलाफ एसआईटी आरोपपत्र दाखिल हुई थी। इसकी सुनवाई जिला जज की कोर्ट में चल रही थी। इस मामले आशीष मिश्र 10 अक्तूबर से जिला जेल में बंद थे।

चुनाव से पहले गुजरात ...

भाजपा सरकार लोगों को स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा और रोजगार प्रदान करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ सरकार ने अपने 27 साल के शासन के दौरान राज्य को ÷राजनीति की प्रयोगशाला÷ बना दिया है।

दिल्ली में आप विधायक और पार्टी के गुजरात प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत ने कहा कि यह उत्साहजनक संकेत है कि भाजपा और कांग्रेस के नेता यहां उनकी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में और भी बड़े चेहरे आप में शामिलि होंगे, जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

गुवाहाटी नगर निगम...

पर जीत दिलाने के लिए मैं गुवाहाटी की जनता के सामने नतमस्तक हूं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हासिल यह जीत विकास यात्रा का नया विश्वास है।

गुवाहाटी नगर निगम चुनाव में शुक्रवार को लगभग आठ लाख मतदाताओं में से करीब 53 प्रतिशत ने मतदान किया था। असम राज्य निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी थी।

आयोग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, बूथ पर कब्जा करने या चुनावी हिंसा जैसी कोई घटना नहीं हुई और मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। जीएमसी के कुल 60 वार्ड में से तीन में उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया था।

सीएम ने लखनपुरी में उप ...

रवाना हुए। यहां सीएम कर्मा महोत्सव व सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गुंडरदेही आगमन हुआ। जहां साहू समाज के पदाधिकारियों सहित विधायक व संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद व अन्य मौजूद रहे। सीएम बघेल ने कहा चुनौती कितनी बड़ी न हो संगठित होकर काम करें तो सफ लता निश्चित मिलती है। उन्होंने भक्त माता की महिमा बताई। दो साल कोरोना में बीत गया, कर्मा जयंती में छुट्टी घोषित किए। लेकिन इस साल कोरोना समाप्ति के बाद बहुत भीड़ दिख रही। अक्ति में नया साल की खेती की शुरुआत करते हैं। खेती जमीन को बचाना जरूरी है। जमीन आज जहरीली हो रही अनाज भी जहरीली हो रही। इससे लोगों को कई तरह बीमारी हो रही। इसके पीछे केमिकल फर्टिलाइजर है। हमें धरती की सेवा करना है। इसके लिए रासायनिक खाद को कम करना होगा। हम धर्म गौ माता की जय का नारा लगाते हैं लेकिन वास्तव में गौमाता की सेवा सिर्फ छग सरकार कर रही। अब गौमूत्र भी खरीद रहे। हमें इस कर्मा जयंती पर धरती माता की सेवा का संकल्प लेना है।

मितानिन चिल्लाने लगी...

महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। पर मितानिन महिलाएं चुप नहीं थी, वह अपनी बात मुखरता के साथ करती रही। इधर जैसे ही मंच से उतरकर मुख्यमंत्री मीडिया को संबोधित करने आए। उन्होंने मितानिन के मुद्दे पर कोई बात नहीं की। तो वहीं मनरेगा कर्मचारियों के चल रहे हड़ताल को लेकर कहा कोई भी काम नियम से होगा। बैठक होगी, ऐसे सड़क पर फैसले नहीं होने की बात कही।

आज से पंचायतों व नगरीय निकायों में लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर

रायगढ़/नवप्रदेश। जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 25 अप्रैल को जिले की सभी पंचायतों और नगरीय निकायों में किया जा रहा है। शिविर में बिजली, पेयजल, नागरिकों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, परिवार सहायता, भवन नामांतरण, आवास, कर जमा, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, नल कनेक्शन सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन लिये जायेंगे। प्राप्त आवेदनों पर आगामी दिवसों में निराकरण किया जाएगा। रायगढ़ नगर निगम में यह शिविर दो दिन अर्थात 25 व 26 अप्रेल को वार्डवार लगाए जाएंगे। नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवेदन लिये जायेंगे। जिनमें राजीव नगर सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय में 1, 2, 3, 4, 14, 15, 39 एवं 40 वार्ड के निवासियों से आवेदन लिये जायेंगे। इसी तरह दीनदयाल कालोनी सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय में वार्ड क्रमांक 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 एवं 46, कार्यालय नगर पालिक निगम परिसर में वार्ड क्रमांक 12, 13, 16, 17, 18, 19 एवं 20, बेलादुला मंगल भवन वार्ड कार्यालय में 21, 22, 23 एवं 24, छोटे अतरमुड़ा मंगल भवन वार्ड कार्यालय में वार्ड नंबर 25, 26, 27 एवं 28, कबीर चौक मंगल भवन वार्ड कार्यालय में वार्ड नंबर 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38 एवं 42, प्रा.शाला छातामुड़ा में वार्ड क्रमांक 41, प्रा.शाला बोईरदादर में वार्ड क्रमांक 47 एवं 48, प्रा.शाला भगवानपुर में वार्ड क्रमांक 45 एवं आशा दी होप पतरापाली में वार्ड क्रमांक 43 एवं 44 के वार्डवासियों का आवेदन लिये जायेंगे। 25 अप्रैल को ग्राम पंचायत/निकाय स्तर में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक	टेन्डर सिस्टम नम्बर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. (लाख में)
01/04.04.2022	96663	जल जीवन मिशन हर घर नल से जल अंतर्गत सिंगल विलेज योजना का कार्य विकासखण्ड सोनहत, ग्राम बेलिया, केशगंवा, महुवापारा।	171.07
02/04.04.2022	96674	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम आनंदपुर, नवगई, मधौरा, प्रकाशपुर।	207.20
03/04.04.2022	96675	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम दामुज, दुधनियाखुर्द, कुशमहा, मझारटोला।	194.14
04/04.04.2022	96676	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम भैंसवार, बदरा, भठ्ठीपारा, जामटिकरा।	135.70
05/04.04.2022	96678	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम अमहर, अमरा, तर्रा, विक्रमपुर, खोडरी, केवराबहरा।	210.22
06/04.04.2022	96679	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम लब्जी, केराझरिया, कांचरडांड, अंगवाही, पहाड़पारा, पिपरडांड, तेलीमुड़ा।	206.73
07/04.04.2022	96681	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम पश्चिमटोला, उधौनी, उज्ञावं, भुंईहारीपारा।	142.49
08/04.04.2022	96798	-,,- विकासखण्ड- बैकुण्ठपुर ग्राम तमजीरा, सक्तिपारा, रघुवीरपुर, गोल्हाघाट, भखार।	156.94
09/04.04.2022	96800	-,,- विकासखण्ड- बैकुण्ठपुर ग्राम बरपारा, चोपन, हथवर।	151.85
10/04.04.2022	96801	-,,- विकासखण्ड - सोनहत ग्राम सरगंवाकला, कर्री, बसवाही, सोनारी।	187.53
11/04.04.2022	968002	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम तंजरा, थकुरहत्थी, पलारीडांड, राउतसरई, बेलाई, पत्थलंवा।	177.93
12/04.04.2022	96804	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम भगवतपुर, जोगिया, कछाड़ी, मझगंवाखुर्द, रेवला, मेण्ड्रा, राजपुरी, भल्लौर।	143.67
13/04.04.2022	96806	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम बोड़ार, कुशहा, बिहौलीडांड़, ओदारी।	247.02
14/04.04.2022	96810	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम खैरवारीपारा, सिंघोर, सुकतरा, अमृतपुर, सेमरिहा।	153.64
15/04.04.2022	96812	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम सलगंवाखुर्द, गरनई, रामगढ़, सिंगाड़ीपारा, चुलादर, नटवाही।	172.78
16/04.04.2022	96813	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम किशोरी, देवतीडांड, शेराडांड, हर्राई, बंशीपुर, कांटो, गिद्वेर, कांदा, निनोहर, चंदा।	185.16
17/04.04.2022	96949	-,,- विकासखण्ड- सोनहत ग्राम घुघरा, मधला, पुसला, कच्छार।	269.17
18/04.04.2022	96950	-,,-, विकासखण्ड- बैकुण्ठपुर ग्राम सनबोथापारा, शिवपुर, पसला, जनकपुर।	163.99
19/04.04.2022	96952	-,,-, विकासखण्ड- मनेन्द्रगढ़ ग्राम बड़काबहरा, केराबहरा, कछौड़।	240.47
20/04.04.2022	96953	-,,- विकासखण्ड- मनेन्द्रगढ़ ग्राम बिहारपुर, छरछा, ढुल्कू।	136.12

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा दिनांक- 28.04.2022 तक ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

जी-90477/6

कार्यपालन अभियंता
लो.स्वा.यां. खण्ड बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में राजस्व शिविर लगाया गया। शिविर का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी। शिविर में राजस्व के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों से विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनसामान्य की शिकायतों, समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुने और समयबद्ध निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसामान्य जो भी शिकायतें या समस्याएं लेकर आते है, उसे सर्वोच्च प्राथमिकता के तौर पर निराकरण करें। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यालय में रहे और सतत रूप से किसानों से संपर्क करें। ग्राम पंचायत के नागरिकों ने गांव में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण की शिकायत किया। इस पर कलेक्टर ने ग्रामवासियों से कहा कि ग्राम पंचायत में प्रस्ताव तैयार कर आवेदन दें। जिससे अवैध कब्जा और अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई किया जा सकेगा। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि किसानों से संबंधित सीमांकन, बटवारा, नामांतरण, त्रुटि सुधार से संबंधित आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। इस दौरान कलेक्टर ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना से संबंधित प्रकरण की जानकारी ली। सभी पात्र किसानों के खाते में अविलंब राशि हस्तांतरण करें। कलेक्टर ने राजीव गांधी भूमिहीन मजदूर किसान न्याय योजना की जानकारी ली। उन्होंने सभी पात्र प्रकरणों का अविलंब कार्रवाई करने कहा। ग्राम पंचायत के किसानों ने गांव में पदस्थ आरईओ की शिकायत करते हुए बताया कि आरईओ मुख्यालय में नहीं रहता है। साथ ही किसानों से संबंधित कोई भी समस्या का निराकरण नहीं किया जाता है । कलेक्टर ने आरईओ को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि वह किसानों की मदद के लिए पदस्थ किया गया है। अपने कर्तव्य के प्रति पूर्ण गंभीरता का पालन करते हुए कार्य करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश चंद्राकर, एसडीएम हितेश पिस्दा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भैरमगढ़ में लगा स्वास्थ्य मेला, 593 मरीजों ने करवाया उपचार

बीजापुर/नवप्रदेश। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन 21 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ में किया गया। जिसमें 593 मरीजों ने स्वास्थ्य मेले का लाभ लिया। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भैरमगढ़ ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मलेरिया, टाईफइड, बीपी,शुगर सहित विभिन्न बीमारियों के जांच एवं उपचार के बाद दवाईयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बीएमओ डॉ. आदित्य साहू सहित जनप्रतिनिधिगण एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

जन चौपाल लगाकर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस और राजस्व ने सुनी लोगों की समस्याए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आगामी समय में सभी विधानसभा का दौरा कार्यक्रम करना है जिसको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर व एसपी के निर्देशानुसार ग्राम सहसपुर चौकी मोहारा क्षेत्र अंतर्गत में राजस्व अमला व पुलिस विभाग द्वारा जन चौपाल, जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा चलाए जा रहे निजात अभियान के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ जयप्रकाश बढ़ई के मार्गदर्शन में जानकारी देकर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। साथ ही एसडीओपी डोंगरगढ़ कृष्ण कुमार पटेल व चौकी प्रभारी मोहारा निरीक्षक दिनेश कुमार यादव के द्वारा लोगों को अभिव्यक्ति ऐप, साइबर क्राइम व महिला संबंधी अपराधों की जानकारी दी गई। शिविर में पुलिस विभाग से संबंधित कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए। उपस्थित बुजुर्ग लोगों से उनका हालचाल जानकर उन पर किसी भी प्रकार की समस्या की जानकारी लेकर समर्पण अभियान चलाया गया। शिविर में उपस्थित एसडीएम गिरीश कुमार रामटेके व तहसीलदार डोंगरगढ़ राजू पटेल के द्वारा राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्राम में किसी भी प्रकार की समस्याएं होने पर तत्काल निराकरण करने के निर्देश सभी विभागों को देते हुए राजस्व से संबंधित समस्याएं सुनी गई, जिसमें विभिन्न मामलो जैसे फावती नामांतरण के तीन, रिकॉर्ड दुरुस्ती के सात, ऑनलाइन नामांतरण के चारए डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका के दो, आय जाति निवास के 22 आवेदन, सी फार्म 4 आवेदन कुल 40 आवेदन मौके पर निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास के सीडीपीओ उषा झा के द्वारा ग्राम में सुपोषण अभियान की जानकारी दी गई तथा ग्राम में चिन्हित कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य जांच कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 34 लोगों का बीपी व शुगर चेक कर दवाइयां दी गई।

कलेक्टर ने किया जलसंग्रहण परियोजनाओं का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास संदीपन भोसकर ने जिलें के विभिन्न गांवों के जलग्रहण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। जिसमें ग्राम देवगांव के नाला चेकडेम निर्माण कार्य के आस-पास के किसानों से चर्चा किया गया। किसानों द्वारा बताया गया कि चेकडेम में बनाने से पूर्व वाटरलेबल नीचे चला गया था, जिसके कारण बोरवेल रूक-रूक कर चलता था जो कि आज की स्थिति में लगातार चल रहा है और नाला चेकडेम में रूके हुए पानी से करीब 20-25 एकड़ में किसान सिंचाई कर रहे हैं। साथ ही कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र एवं शासकीय प्राथमिक शाला देवगांव का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केन्द्र में 2-3 बच्चे उपस्थित पाया गया एवं शासकीय प्राथमिक शाला में शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति रहीं व मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया जो कि सही पाया गया। इसी तरह ग्राम घोरेघाट एवं करमतरा का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान अर्जुन कोशले, विजय धृतलहरे, मंगल निषाद, बलराम राजपूत एवं अन्य 15 कृषक उपस्थित थे। कार्तिक निषाद द्वारा बताया गया कि विगत 5 वर्षों से बोरवेल फेल होकर पड़ा हुआ जो नाला चेकडेम बनाने के कारण लेबल ऊपर आ गया और आज की स्थिति में 110 फीट में लगातार चल रहा है और धान फसल के पश्चात सब्जी-भाजी का भी फसल लेना प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि हो रही है। ग्राम करमतरा में सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण किये गये स्टापडेम के ऊपरी भाग पर जमें हुए गाद की सफाई हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात जिलाधीश द्वारा ग्राम उमरिया के सोसायटी का निरीक्षण किया गया, जिसमें कृषकों को खाद उठाव हेतु परामर्श भी दिया गया एवं समिति के रखे हुए कृष्णा झाईम के डिब्बे को अवैध बताते हुए उसकी जब्ती बनाने एवं समिति प्रबंधक को निलंबित करने का निर्देश दिया गया। ग्राम भुरकी में गलीचेक निर्माण कार्य एवं मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कराये गए निजी डबरी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उप संचालक कृषि, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी बेमेतरा उपस्थित थे।

महापौर परिषद में बजट पर अनुशंसा सहित अन्य विषयों की स्वीकृति

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर हेमा देशमुख की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में आय-व्यय अनुमान पत्रक 2022-2023 पर विचार विमर्श उपरांत स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को प्रेषित किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्यय को पुनरीक्षण की अनुशंसा सहित सामान्य सभा को भेजा गया। साथ ही नगर निगम के अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। मेयर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये बजट के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुये अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु समान्य सभा को प्रेषित किया गया, इसके अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पत्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 में संपत्तिकर में नियमानुसार छुट की स्वीकृति तथा मवेशी बाजार नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति प्रदान की गयी तथा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत म्युनिस्पल सालिड वेस्ट डिस्पोजल के संबंध 106.204 लाख का कार्य योजना शासन को भेजे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही 15वें वित्त आयोज अंतर्गत पेंड्री मेडिकल कालेज से मुक्तिधाम तक 350 मीटर सीमेंट कांक्रीटिंग रोड व नाली निर्माण तथा विद्युतीकरण कार्य हेतु दो चरण में 99.90 लाख-99.90 लाख की निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा डीएमएफ मद अंतर्गत मोती तालाब सौदर्यीकरण कार्य हेतु स्वीकृत राशि रूपये 50.00 लाख की न्यूनतम दर की राशि से मोती तालाब में छट घाट निर्मण एवं सौदर्यीकरण कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, विनय झा, भागचंद साहू,,गणेश पवार, राजा तिवारी, दुलारी बाई साहू, राजेश गुप्ता चंपू, आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, उपायुक्त सुदेश कुमार सिंह,कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, स्वास्थ्य अधिकारी अजय यादव, समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, लेखापाल राकेश नंदे, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

एकलव्य विद्यालय में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए दस्तावेजों का सत्यापन 30 तक

बीजापुर/नवप्रदेश। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भैरमगढ़, बीजापुर, उसूर एवं भोपालपटनम के लिए सत्र 2022-23 में कक्षा 6 वी में प्रवेश हेतु 5 अप्रैल को परीक्षा परिणाम का प्रकाशन किया गया था। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण चयन समिति द्वारा चयन सूची विकास खण्डवार जारी किया गया है। चयनित छात्र-छात्राएं 21 से 30 अप्रैल 2022 तक प्रगति पत्रक (कक्षा 5वी), स्थानांतरण प्रमाण पत्र, विद्यार्थियों एवं पालक के आधार कार्ड की छायाप्रति, खाता क्रमांक छात्र का या पालक का, जाति प्रमाण पत्र, छात्र-छात्रा के 3 पासपोर्ट साईज फोटो, माता एवं पिता के 01-01 पासपोर्ट साईज फोटो, पालक बीपीएल हो तो राशनकार्ड की छायाप्रति एवं पालक के मोबाईल नम्बर दस्तावेज सहित अपने चयनित विकासखंड के एकलव्य प्राचार्य के समक्ष उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन करा कर प्रवेश लेगें।

ब्लॉक मनरेगा मेट संघ की नई कार्यकारिणी गठित

नगरी/नवप्रदेश। मनरेगा मेट संघ की बैठक सद्भावना भवन नगरी में बैठक आयोजित की गई जिसमें ब्लॉक मनरेगा मेट संघ के सभी साथी भारी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में कई बिंदुओं पर विचार करते हुए संगठन की मजबूत गति प्रदान करने के लिए नए पदाधिकारी को गठन करने का निर्णय लिया गया जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके ब्लॉक मेट संघ के अध्यक्ष दिनेश यादव को बनाया गया। कोषाध्यक्ष यशवंत नरेटी, सचिव उत्तम यादव को संघ की आगे की गति प्रदान करने के लिए जिम्मेदारी दी गई। चर्चा के बाद 2 सूत्रीय मांगों को लेकर के रोजगार सहायक व मनरेगा कर्मचारी हड़ताल में अब तक डटे हुए हैं और जिनके माध्यम से मनरेगा कार्य संचालित होती है उनके स्थिति हड़ताली 2 सूत्री मांग को समझते हुए ब्लॉक प्रशिक्षित मेट संघ के द्वारा रावण भाटा में जाकर के सामूहिक रूप से समर्थन दिया गया।

पूर्व सैनिकों का सम्मान कर स्वछता अभियान चलाया

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजयुमो राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत भाटापारा भाजयुमो के द्वारा जिला अध्यक्ष सुनील यदु के नेतृत्व में शहीदों को श्रद्धाजंलि दी गई , पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया व स्वच्छता अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम भाजयुमो के कार्यकर्ताओं द्वारा सफ ाई की गई तत्पश्चात देश के पूर्व सैनिकों द्वारा शहीद हेमु कल्याणी के प्रतिमा पर पुष्प हार पहना कर श्रद्धाजंलि अर्पित किया गया, उसके बाद कार्यक्रम में आमंत्रित पूर्व सैनिकों को साल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री महाबल ने कहा कि-देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।भारतीय जनता पार्टी देश के महापुरुषों की इच्छा को पूर्ण करने के संकल्प के साथ चल रहा है और उन्होने जो अखंड भारत का सपना देखा था उस सपने को साकार करने के दिशा में काम कर रहा है। सशक्त समृद्ध शक्तिशाली एव आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इसके साथ ही भाजपा अपने अनुसांघिक संगठनों के द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश के उन शहीदों को श्रद्धाजंलि व सम्मान भी दिलाने के लिए कार्य कर रही है जिनके नाम इतिहास में स्थान ही नहीं दिया गया है। देश की रक्षा के लिए जिन सैनिकों ने अपनी सेवाए दी है ऐसे पूर्व सैनिकों का सम्मान पहले कभी नहीं हुआ था। मोदी जी ने पूरे विश्व में ना सिर्फदेश का मान बढ़ाया है बल्कि देश के सैनिकों को भी मजबूती व शक्ति प्रदान किया है। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व सैनिक अपने सम्मान से अभिभूत होकर भारतीय जनता पार्टी को धन्यवाद देते हुए अपने अपने अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने किया तथा भाजयुमो मंडल महामंत्री अविनाश शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक हॉनरी कैप्टन टी पी बघमार, पुर्व सुबेदार मेजर सूर्यकांत अग्रवाल, पुर्व नायाब सुबेदार युगल किशोर यादव पूर्व नायाब सुबेदार नारायण साहू उपस्थित थे तथा भाजपा मंडल महामंत्री योगेश अनंत, पार्षद मुकेश सोनी, रोशन मिश्रा, दरवेश हबलानी, गोपी ध्रुव, विकास बघेल, जितेन्द्र क्षत्री , अजित निषाद किशन यदु सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

एंडलाइन आंकलन की संशोधित समय सारणी जारी

नगरी/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2021-22 के लिए कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का आंकलन हेतु दिशा निर्देश जारी कर दिया गया था जिसके अनुसार इस सत्र में बच्चों का दो स्तर का आंकलन बेस लाइन एवं मिड लाइन आंकलन पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में 16 अप्रैल से सभी शालाओं में एंडलाइन आंकलन संचालित किया जा रहा। बीईओ सतीश प्रकाश सिंह ने बताया की पूर्व में एंडलाइन आंकलन के लिए समय-सारणी जारी की गयी थी। वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा शेष प्रश्न-पत्रों के लिए समय सारणी में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी संशोधन अनुसार कक्षा पहली से कक्षा दूसरी तक प्राथमिक स्तर के लिए 22 अप्रैल को अंग्रेजी, कक्षा तीसरी हेतु पर्यावरण,कक्षा चौथी हेतु गणित, कक्षा पांचवी हेतु हिंदी एवं दिनांक 23 अप्रैल को कक्षा तीसरी हेतु अंग्रेजी, कक्षा चौथी हेतु हिंदी, कक्षा पांचवी हेतु पर्यावरण विषय का आंकलन किया जाएगा तथा माध्यमिक स्तर के लिए 21 अप्रैल को कक्षा छठवी हेतु अंग्रेजी, कक्षा सातवी हेतु हिन्दी, कक्षा आठवी हेतु गणित, 22 अप्रैल दिन शुक्रवार को कक्षा छठवी हेतु सामाजिक विज्ञान, कक्षा सातवी हेतु विज्ञान, कक्षा आठवी हेतु संस्कृत व उर्दू दिनांक 23 अप्रैल दिन शनिवार को कक्षा छठवी हेतु विज्ञान, कक्षा सातवी हेतु संस्कृत व उर्दू, कक्षा आठवी हेतु सामाजिक विज्ञान तथा 25 अप्रैल को छठवी हेतु संस्कृत व उर्दू, कक्षा सातवी हेतु सामाजिक विज्ञान, कक्षा आठवी हेतु अंग्रेजी विषय का आकलन किया जाएगा। बीईओ ने सभी प्रधान पाठकों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को एन्डलाइन आंकलन की संशोधित सूची अनुसार आंकलन का सुचारु क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश दिए।

बिरकोनी सोसाइटी में समिति प्रबंधक नियुक्त करने की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति बिरकोनी के पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर समिति की गतिविधियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान सोसाइटी में प्रबंधक नियुक्त किए जाने की ओर ध्यानाकर्षित भी कराया। समिति के अध्यक्ष राजेश ढीढी, भुवनेश्वर ध्रुव, शत्रुघन साहू, सुखीराम साहू, पुनीतराम साहू, हेमराज चंद्राकर, लक्ष्मण पटेल, इंदू यादव, मानिक साहू ने पिछले दिनों संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने समिति की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सोसाइटी में प्रबंधक नहीं होने से काम प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति बिरकोनी में अमरनाथ पटेल पदस्थ थे। जिसका पदोन्नति उपरांत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के शाखा भंवरपुर में पर्यवेक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। जिससे समिति बिरकोनी में प्रबंधक का पद रिक्त है। यहां प्रबंधक पद पर किसी की पदस्थापना की आवश्यकता है। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने इस दिशा में उचित पहल करने का आश्वासन दिया।

महिला-पुरुष कबड्डी, व्हॉलीबाल प्रतियोगिताओं के साथ मेडिकल कैम्प का किया आयोजन

बीजापुर/नवप्रदेश। 229 वीं वाहिनी ने वर्ष 2022 के अन्तर्गत सिविक एक्शन अभियान के तत्वाधान में मुरकीनार में महिला कबड्डी, नुकनपाल में पुरुष कबड्डी, सीतापुर में पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिताओं तथा चेरामांगी में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया। खेल स्पर्धाओं को बढ़ावा देने हेतु कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिताओं में 10 टीमों ने महिला कबड्डी, 08 टीमों ने पुरुष कबड्डी तथा 10 टीमों ने पुरुष वॉलीबाल में हिस्सा लिया। जिसमें मुरकीनार, नुकनपाल, चेरामांगी, आवापल्ली, गुडलाबाबू, पेरमपल्ली, सीमलडूडी, इलीमिड़ी, पुतकेल, तीमापुर, मुरदण्डा, दुगईगुड़ा, मोदलपाल, चिरकडूडी तथा उसूर जैसे अन्दरुनी गांव की टीमों ने हिस्सा लिया। तीनों स्पर्धाओं में विजेता टीमों को 3100 रुपये के नकद इनाम के साथ-साथ ट्रॉफ ी तथा वही उपविजेता टीमों को 2100 रुपये के नगद इनाम के साथ-साथ ट्रॉफ ी देकर सम्मानित किया गया। स्पर्धाओं में शामिल टीमों को खेल भावना बनाए रखने हेतु सभी खिलाडियों को ड्रेसों का वितरण किया गया ताकि भविष्य में ये सभी टीमें एक जैसी ड्रेस पहनकर स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकें। साथ ही सभी खिलाडियों को ड्रैस वितरण के साथ खेलों को जारी रखने हेतु वॉलीबाल व नेट, बैडमिन्टन रैकेट व नेट, क्रिकेट किट भी दिया गया ताकि वे खेलों को जारी रख सके। इसी के साथ-साथ सभी टीमों के बेहतरीन, खिलाडियों को 1100 रुपए अलग से नगद पुरस्कार तथा रेडियों व सोलर लाइट दी गई। सभी विजेता टीमों को रेडियों व सोलर लाइट भी वितरित की गई ताकि मनोरंजन व पढ़ाई में काम आ सके। इस दौरान सभी खिलाडियों एवं ग्राम वासियों हेतु जलपान के साथ साथ खाने का भी आयोजन किया गया। खिलाडियों के साथ-साथ ग्राम वासियों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और सभी खिलाडियों का मनोबल बढ़ाया। इसी कड़ी में गाँव चेरामांगी में मेडिकल कैम्प लगाया गया जिसमें चेरामांगी, धारावरम, पुन्नुर, बोगला, पंगुर, दुगईगुड़ा व आसपास के लोगो का डॉ परेश शरद वाहिनी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा इलाज किया गया व दवाइयों का वितरण किया गया। मेडिकल कैम्प के साथ-साथ सभी ग्रामवासियों हेतु खाने की व्यवस्था भी की गई।

ऐसे समन्वय से तो जीत ही लेंगे दुर्ग!

मिशन 2023-24 के नाम पर चुन-चुनकर निपटाए गए कद्दावर नेता

नरेश सोनी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में भाजपा बहुत बुरी स्थिति में है। स्थिति इतनी ज्यादा बुरी है कि 2018 से इतर इस बार पार्टी के एक विधायक का जीतना भी मुश्किल हो सकता है। वजह है सिर्फ और सिर्फ गुटबाजी। जिले से भाजपा का सूपड़ा 99 फीसदी साफ हो चुका है। बावजूद इसके जिम्मेदार नेता पिछली गलतियों से सबक लेते नहीं दिखते। दुर्ग जिला संगठन मृतप्राय है, लेकिन उसे पुनर्जीवित करने की कोई चेष्टा नहीं की गई। अब मिशन 2023-24 के नाम पर भिलाई जिला संगठन में विधानसभा और लोकसभा के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त कर आग में घी डालने की कुचेष्टा की गई है। इन नियुक्तियों में जिस तरह से निर्वाचित सांसद, जिले के इकलौते विधायक और प्रभावशाली नेता को दरकिनार किया गया, उसके बाद सवाल यह उठ रहा है कि भाजपा खुद अपनी कब्र खोदने पर क्यों आमादा है? दुर्ग जिले में भाजपा का संगठन वेंटिलेटर पर है। कैडर घर बैठा हुआ है और नेताओं को, गुटबाजी को बढ़ाने देने वाली मसखरी सूझ रही है। जिले में विधानसभा की कुल 6 सीटें हैं। 2018 में चली सत्ताविरोधी लहर के चलते पार्टी को 5 सीटों पर बहुत बुरी पराजय मिली थी। जिस इकलौती सीट पर भाजपा जीती, वह वैशाली नगर सीट थी। अब पार्टी के जिम्मेदार लोग इस सीट को भी प्रभावित करने पर आमादा है। विधायक विद्यारतन भसीन के उम्र और स्वास्थ्यगत कारणों की वजह से माना जा रहा है कि इस बार भाजपा अपनी इस इकलौती जीती हुई सीट पर चेहरा बदल सकती है। शायद यही वजह है कि आरएसएस का गढ़ माने वाली इस सीट से चुनाव लड़ने भाजपा के कई नेताओं ने रस्साकशी प्रारम्भ कर दी है। हथियार बनाया जा रहा है गुटबाजी को। प्रदेश में सत्ता नहीं है तो निर्वाचित लोगों को संगठन की जिम्मेदारियों से भी दूर किया जा रहा है। लेकिन इन गतिविधियों से नुकसान पार्टी का हो रहा है। स्थानीय निकायों के चुनाव में मतदाताओं ने जिस तरह से भाजपा को नकारा, वह देखने की जहमत भी नहीं उठाई जा रही। जिस खैरागढ़ में भाजपा जीत के कसीदे गढ़ रही थी, वहां मिली पराजय का इशारा भी जिले के नेताओं की बुद्धि में नहीं घुस रहा। ताजा मामला भिलाई में मंडल स्तर पर हुई प्रभारी और सह-प्रभारियों की नियुक्ति का है। आगामी चुनावों को देखते हुए जिला भाजपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने यह नियुक्तियां की है, लेकिन यह निर्णय अकेले साहू का नहीं है। जिस तरह से नियुक्तियों में महज एक गुट विशेष को दायित्व सौंपे गए, उसके बाद इसे आसानी से समझा जा सकता है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व विजय बघेल करते हैं और निर्वाचन के बाद से अब तक उन्होंने बहुत तेजी से अपना व पार्टी का जनाधार बढ़ाया। विद्यारतन भसीन विपरीत स्थितियों में भी पार्टी के लिए जीत निकालने वाले इकलौते विधायक रहे तो अविभाजित मध्यप्रदेश और उसके बाद सत्ता और संगठन में विभिन्न पदों पर प्रेमप्रकाश पाण्डेय की राजनीतिक हैसियत किसी से छिपी हुई नहीं है। बावजूद इसके भिलाई में मंडल स्तर पर की गई नियुक्तियों में इन तीनों नेताओं को हाशिए पर डालने का दुष्चक्र रचा गया। जाहिर है कि ऐसे समय में जबकि भाजपा बेहद विषम हालातों से जूझ रही है, इस तरह के कृत्य पार्टी के लिए आत्मघाती साबित होंगे। पहले से ही निराश कार्यकर्ताओं में यह नियुक्तियां हताशा बढ़ाने वाली है, जिसका सीधा असर आने वाले विधानसभा और लोकसभा के चुनावों पर होगा।

गुटबाजी बढ़ाकर कैसे मजबूत होगा संगठन

जिला भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने इन नियुक्तियों को संगठन की मजबूती के साथ जोड़ा, लेकिन सवाल यह है कि जिले में गुटबाजी को बढ़ावा देकर वे किस तरह से संगठन को मजबूत बनाना चाह रहे हैं? साहू के मुताबिक, सभी मंडलों की जिम्मेदारी अलग-अलग भाजपा पदाधिकारियों को दी गई है। ये लोग संगठन की मजबूती को लेकर काम करेंगे। इनके कार्यों की मॉनीटरिंग के लिए सीनियर नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। वे बताते हैं,- जिला महामंत्री शंकरलाल देवांगन को पूर्व मंडल, पश्चिम मंडल, रिसाली मंडल, चरौदा मंडल और कुम्हारी मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह मारकंडे तिवारी सुपेला मंडल, वैशालीनगर, जामुल मंडल, कैंप मंडल और खुर्सीपार मंडल के कामकाज पर नजर रखेंगे।

राजनीतिक विरोधियों को किनारे लगाने की कोशिश

भिलाई जिला संगठन में कुल 10 मंडल आते हैं। इन सभी मंडलों में राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय और उनके भाई राकेश पाण्डेय के समर्थकों को तरजीह दी गई है। अन्य कद्दावर नेताओं को बतौर राजनीतिक विरोधी किनारे लगाने की कोशिश की गई है। पूर्व मंडल का प्रभारी रामगोपाल शर्मा को बनाया गया है। यहां रामउपकार तिवारी सह-प्रभारी की जिम्मेदारी संभालेंगे। पश्चिम मंडल की जिम्मेदारी भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह को दी गई है। सत्येन्द्र सरोज पाण्डेय के करीबी माने जाते हैं। यहां मंजूशा साहू को सह-प्रभारी बनाया गया है। रिसाली मंडल की जिम्मेदारी खुद भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र साहू संभालेंगे। रिसाली दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का सबसे बड़ा क्षेत्र है। साहू बाहुल्य होने की वजह से वीरेंद्र स्वयं सामने आए है। सह-प्रभारी के रूप में रामप्यारी वर्मा होंगी। इसी तरह सुपेला मंडल की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर के दी गई है। त्रिलोचन सिंह सह-प्रभारी रहेंगे। वैशालीनगर मंडल की जिम्मेदारी खुर्सीपार के पूर्व मंडल अध्यक्ष भूषण अग्रवाल को दी गई है। कोसानगर के मनोज तिवारी सह-प्रभारी बनाए गए हैं। कैंप मंडल की जिम्मेदारी अवधेश चौहान संभालेंगे। पूर्व कोषाध्यक्ष अर्जुन सचदेवा सह-प्रभारी का काम करेंगे। खुर्सीपार मंडल की जिम्मेदारी भाजपा नेता प्रमोद अग्रवाल को दी गई है। यहां के सह-प्रभारी संतोष सिंह होंगे। जामुल मंडल की जिम्मेदारी पुरुषोत्तम देवांगन को दी गई है। भाजपा के मीडिया प्रभारी सुभाष शर्मा सह-प्रभारी रहेंगे। जामुल ऐसा इकलौता निकाय है, जहां भाजपा की सत्ता है। चरौदा मंडल की जिम्मेदारी कुम्हारी मंडल के पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा पदाधिकारी राकेश पांडेय को दी गई है। उनके साथ सह-प्रभारी के रूप में योगेश साहू रहेंगे। वहीं, कुम्हारी मंडल की जिम्मेदारी पुखराज जैन को दी गई है। उनके साथ गौरीशंकर सह-प्रभारी के रूप में काम करेंगे।

50 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर पुलिस ने 50 लीटर महुआ शराब के साथ 2 आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों से एक बाइक भी जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी मलाजकुडूम रोड में दो व्यक्ति मोटर साइकिल में अवैध शराब का परिवहन, बिक्री हेतु कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक दौरान थाना कांकेर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मनकेसरी केसरी के पास चेक पोस्ट लगाकर तस्दीक किया गया। जांच के दौरान मलाजकुडूम की ओर से आ रही संदिग्ध मोटर साइकिल को रोक कर आरोपी कौशल यादव पिता जीवराखन यादव उम्र 24 वर्ष निवासी भण्डारीपारा भक्त प्रह्लाद पिता विष्णु ओसारे उम्र 24 वर्ष निवासी भण्डारीपारा कांकेर के आधिपत्य के बिना नंबर के मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स में एक जरीकेन में 50 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ पूछताछ में आरोपियों ने उक्त महुआ शराब को ग्राम तुमसनार से खरीद कर बिक्री हेतु कांकेर लाना स्वीकार किया।

बिगड़े हैण्ड पंप की जानकारी देने हेल्प लाइन नम्बर जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के मार्गदर्शन में जिले में पेयजल की समस्या से संबंधित जानकारी के लिए जिला स्तर तथा विकासखण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिलाधीश ने अधिकारियों को जिले में कहीं भी पेयजल से संबंधित शिकायत की जानकारी मिलने पर उनका तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीणों को पेयजल संकट से बचाने के लिए राज्य शासन ने पेयजल को अत्याक्श्यक सेवाओं के अंतर्गत रखते हुए इसकी उपलब्धता सम्पूर्ण राज्य मे सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए है। साथ ही ग्रामों एवं मजरा टोलों मे हैण्डपंपों की स्थिति संबंधी शिकायतों के लिए राज्य स्तर पर टोल फ्री नंबर 18002330008 को जारी किया है। बेमेतरा जिले के सभी विकासखण्डों के लिए हैण्डपंपों के बंद होने की शिकायत करने के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी कर दिया गया है।

आईपीएल मैचों में सट्टा खिलाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। आईपीएल क्रिकेट मैच में बाड़ी में जाकर हारजीत का सट्टा चलने की सूचना पर साइबर सेल एवं चौकी लवन पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम सरखोर में दबिश देकर 3 आरोपियो को पकड़ने में सफलता हासिल की है पकड़े गए आरोपियों से एक लैपटॉप, 05 मोबाइल एवं नकदी 45 सौ रुपए जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में विकास काले लवन, मुकेश कुमार लवन और संतोष यादव ग्राम सरखोर निवासी बताये जाते हैं। उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी अनुसार शनिवार को मुखबीर की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में साइबर सेल एवं चौकी लवन पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम सरखोर के एक बाड़ी में दबिश दिया गया। मौके पर 03 आरोपीगण लैपटॉप से मैच का प्रसारण देखकर, सांथ मे रखे मोबाइल से सट्टा खिलाते हुए मिले।

पंचायत में चुने हुए जन प्रतिनिधियों को मिले कर्मचारी राज से मुक्ति : प्रज्ञा

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने देश के केंद्रीय ग्रामीण पंचायत विकास मंत्री गिरिराज सिंह को पत्र लिख कर पंचायतों और पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों को अधिक अधिकार सम्पन्न बनाने की मांग रखी हैं। अपने पत्र में उन्होंने लिखा है मैं खुद जिला पंचायत सदस्य के तौर पर 2 वर्षों से कार्य कर रहीं हूँ, मेरा व्यक्तिगत अनुभव है पंचायती राज के संस्थान हाथी दांत की तरह हैं, दिखने में तो ऐसे मजबूत पर काम सिर्फ नाम का। ग्रामीण आस्थाओं के केंद्र ग्रामीण सचिवालयों में गांव के लोगों के काम नहीं हो पाते, उन्हें च्वाइस सेंटर में पैसे खर्च कर अपने दस्तावेज निकलवाने पड़ते हैं। राज्य से आये हुए फंड मदबंध होते हैं, गाँव की जरूरतों और प्राथमिकताओं को वहां के चुने हुए पंच और सरपंच बेहतर समझेंगे न कि दिल्ली के आरामदेह वातानुकूलित कक्षों में बैठे अधिकारी, पंचायतों में मिलने वाले टाइड फंड विकास में बाधक और भ्रष्टाचार की जननी भी, गांव में जरूरत है नाली की पैसा आता है पंचायत में सोलर पैनल लगाने के लिए, गांव में जरूरत है गली निर्माण के लिए पैसा आता है वाटर हार्वेस्टिंग के लिए और पंच सरपंच की मजबूरी होती है बिना आवश्यकता उसे खर्च करें। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत के चुने हुए जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी से अपने क्षेत्र में काम करवाने चिरौरी करते रहते हैं, साहब ये करवा दो, साहब वो करवा दो। उन्होंने भावुक होते लिखा कि कोई भी जनप्रतिनिधि जो पंचायत ने निचले स्तर से चुनकर आता है उसके मन में एक सपना होता हैं वह विकास में अपना योगदान देगा, फ्लाना परिवर्तन लाएगा, पर व्यवस्था में घिरकर वह योगदान देने के बजाय सिर्फ दान पाने के योग्य ही रह जाता हैं, यह कड़वी हकीकत हैं। हमारे देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी ने पंचायती राज और उसके सुदृढ़ीकरण का सपना देखा था, देश में एक शसक्त त्रि स्तरीय पंचायत प्रणाली का, उसे पूरा करने की जिम्मेवारी हम सभी चुने हुए जनप्रतिनिधियों की हैं। यह दिन राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के शुभकामनाओ का है, परंतु मेरे विचार से यह दिन इसमें आ गई और समा गई न्यूनताओं को दूर करने का भी हैं। पंचायती राज के सबसे छोटी इकाई के प्रतिनिधि ग्राम पंचायत के पंच अपने कार्यकाल को रेखांकित कर सकने उसे शक्ति सम्पन्न बनाने का दिन हैं। पंचायतों के ग्राम सभा में न आकर पास ही खड़े ठेले में पान चबा रहे गाँव के युवाओं के मन मे इस संस्थान की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करने का दिवस हैं। पंचायतों को सहीं मायनो में स्वायत्त और पंचायत के चुने हुए जन प्रतिनिधियों को अधिकारी कर्मचारी के उंगलियों में नाचने से मुक्त कराने का दिवस हैं। मुझे उम्मीद है यह बदलाव आप लाएंगे, क्योंकि यह दिवस हमें अपने देश में पंचायत के सर्वोच्च मुखिया से अपने अधिकारों और हक़ की बात रखने का भी दिवस हैं।

नवोदय विद्यालय 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 को

कवर्धा। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति उड़ियाकला जिला कबीरधाम के द्वारा कक्षा छठवीं में शिक्षा सत्र 2022--23 हेतु चयन परीक्षा 30 अप्रैल को जिला के चारों विकासखंडों के कुल 28 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर झा एवं सीनियर मोस्ट टीचर एसके मिश्रा ने बताया कि इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीयो को अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइट से डाउनलोड करने के पश्चात दो प्रतियों में अपने पास रखने होंगे दोनों प्रतियों में अपने विद्यालय के प्रधान पाठक/प्रधानाचार्य से सील मोहर युक्त हस्ताक्षर कराकर परीक्षा के दिन एक प्रति परीक्षा केंद्रों में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, साथ ही परीक्षा के निर्धारित समय 11:30 से 01:30 बजे को भी ध्यान में रखेंगे तथा परीक्षा के 30 मिनट पूर्व ही केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा यह सब परीक्षार्थी के सुविधा के लिए है, इसके लिए परीक्षार्थी पूर्व से तैयारी कर लेवे साथ ही परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या परिसर भोरमदेव महाराजपुर में कवर्धा गुरुकुल विद्यालय से 2 किलोमीटर दूरी पर स्थित है जिसे भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है यह जानकारी परीक्षार्थियों के सुविधा के लिए दी गई है।

आंध्र समाज के चुनाव में लोगों ने किया मतदान

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के जगदलपुर मुख्यालय में बस्तर जिला आंध्र समाज का चुनाव हुआ। जिसमें आंध्र समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान किया। समाज के चुनाव में आंध्रा एकता पेनल तथा परिवर्तन पैनल के उम्मीदवार अपने अपने दावों को लेकर आंध्र समाज के उत्थान के लिए चुनाव में डटे हुए हैं। मतदान शाम 4 बजे तक हुआ। समाचार लिखे जाने मतगणना प्रारंभ नहीं हो पायी थी।

मूक पशु-पक्षियों की सेवा के लिए दिखाया समर्पण

बेजुबान पशु-पक्षियों के दाना पानी के लिए आयी जन समर्पण सेवा संस्था

दुर्ग/नवप्रदेश। जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग द्वारा सरहानीय कार्य करते हुए बेजुबान पशु-पक्षियों के दाना-पानी के लिए सीमेंट का कोटना एवं मिट्टी के सकोरे का निःशुल्क वितरण किया गया। संस्था के युवाओं ने शहर के प्रमुख स्थान पुराना बस स्टैंड में स्टॉल लगाकर आम नागरिकों को गौ माता एवं अन्य पशुओं के लिए सीमेंट से बने कोटना एवं पक्षियों के लिए मिट्टी का सकोरे बांटे। जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी में मानव के साथ साथ पशु-पक्षियों को भी पानी की बेहद जरूरत होती है। संस्था द्वारा शहर में एक अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरुआत आज की गई। नागरिकों को पूर्व में सूचना होने से भारी मात्रा आम जनता पशु-पक्षियों के लिए कोटना एवं सकोरे लेने पहुँचे। जन समर्पण सेवा संस्था ने आज प्रातः 11 बजे से पुराना बस स्टैंड, दुर्ग के पास स्टाल लगाकर लगभग 2 हजार आम नागरिकों को अपने घरों की छत पर पशु-पक्षियों के दाना-पानी रखने के लिए मिट्टी से बने सकोरे का निःशुल्क वितरण किया। साथ ही शहर के प्रमुख स्थानों के लिए लगभग 50 से अधिक आम नागरिकों कोटना का वितरण किया गया। सुबह से लोग कोटना एवं सकोरे लेने आये और कतार बद्ध लाइन लगके पशु पक्षियों के दाना पानी के लिए कोटना एवं सकोरे लेकर गए। संस्था के युवाओं का कहना था कि पानी की कमी से बेजुबान पक्षियों की जान न जाने पाए। इस मुहिम में अब अनेक लोग आगे बढ़कर अपना सहयोग देने लगे हैं। पक्षियों के सरंक्षण का इस अभियान में जिले के नागरिकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। अपने मित्र एवं अन्य परिचितों को फोन करके भी इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करने से अब सौ से अधिक युवाओं ने अपनी भागीदारी देनी शुरू कर दी है। संस्था ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि शहर में गौ माता एवं अन्य जानवारों के लिए रखे जाने वाले कोटना में प्रतिदिन दाना-पानी डालकर इस अभियान में सहयोग करे। आज के आयोजन में आये हुए शहर के विधायक, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री, महापौर एवं सभी नेताओं, समाज सेवियों ने भी जन समर्पण सेवा संस्था के इस सरहानीय कार्य मे उपस्थित होकर अपने घर की छत में पशु पक्षियों के दाना पानी रखने के लिए सकोरे लेकर गए और कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए संस्था के सभी सदस्यों को बधाई दी। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भूरे ने कुछ दिनों पूर्व पशु पक्षियों के दाना पानी की व्यवस्था करने के लिए जनता एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की थी। जिलाधीश ने जन समर्पण सेवा संस्था के इस कार्य के लिए संस्था के सदस्यों को दूरभाष के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आज के आयोजन में अरुण वोरा, विधायक एवं अध्यक्ष, राज्य वेयर हाउस आयोग, राजेन्द्र साहू, महामंत्री प्रदेश कांग्रेश कमेटी, आर.एन.वर्मा, उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा आयोग, धीरज बाकलीवाल, महापौर, अशोक राठी, पायल जैन, निवेदिता शर्मा, आदिल शर्मा, विजेन्द्र भरतद्वाज, मनदीप भाटिया, लवकुश शर्मा, विकाश पुरोहित, मयंक शर्मा, अर्जित शुक्ला, आशीष मेश्राम, प्रकाश कश्यप, संगीता सोनी, रुपल गुप्ता, मृदुल गुप्ता, राजेन्द्र ताम्रकार, शुभम सेन, दद्दू ढीमर, सुजल शर्मा, संजय सेन, हरीश ढीमर, वाशु शर्मा, भारी मात्रा में आम नागरिक, समाज सेवी, नेता एवं संस्था के सदस्य उपस्थित थे।